सूर्योदय 6:00 सूर्यास्त 6:31
मुज़फ़्फ़रनगर अधिकतम 33.2 न्यूनतम 23.7

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2019-21 | मूल्य 1/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | सम्पर्क सूत्र: ( कार्यालय ) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-249 | बृहस्पतिवार 09 सितम्बर, 2021 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-तृतीया, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

जब आपका सबसे करीबी व्यक्ति आप पर गुस्सा करना छोड़ दे तो समझ लेना कि आप उसे खो चुके।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**

उत्तर प्रदेश में अपने दम पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस : अजय कुमार लल्लू



बहुत हिम्मत वाला ख्याल है.......

# सावधान : सड़कों पर चलते हुए खूब लूट रहे मोबाइल, चेन व पर्स

मुजफ्फरनगर, ८ सितम्बर (बु.)। आये दिन शहरी क्षेत्रों में मोबाइल, पर्स, गले की चेन छिनने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसी के साथ–साथ एकाउंट से पैसे गायब होने की घटनाएं आये दिन होती दिखाई पड़ रही हैं, मगर पुलिस प्रशासन इसमें ३० फीसदी पास और ७० फीसदी फेल हो रहा है।



मंगलवार को गांधी कॉलोनी में खुलेआम बाइक सवार लुटेरे गांधी कॉलोनी पुल के बीचों–बीच से ई–रिक्शा में बैठी महिला का पर्स छीनकर ले गये। वहीं आज नई मण्डी क्षेत्र में एक महिला की अपनी ही गली में से चेन लूट ली गयी। महिला को जब उसकी शिकायत करने के लिए कहा गया, तो महिला ने कानून व्यवस्था से विश्वास उठता देखकर कहा कि मुकदमा दर्ज कराने से ही क्या हो जायेगा। थक–हारकर महिला ने मुकदमा दर्ज नहीं कराया, सिर्फ मीडिया को इसकी जानकारी दी। यह पहला वाक्या नहीं है, जो शहरी क्षेत्रों में लूट की घटनाएं हो रही हैं। लगभग हर दिन शहरी क्षेत्रों में दो से तीन मोबाइल राह चलते छीने जाने की सूचना आम बात है। अधिकांश मामलों में तो पुलिस मुकदमा दर्ज करने से ही बचती दिखाई पड़ती है और सिफारिशों के दम पर, जो मुकदमें दर्ज भी हो जाते हैं, उसका भी ऊपर वाला ही मालिक है। अधिकांश दर्ज मुकदमों में ३० फीसदी ही रिकवरी हो पाती है, इसलिए मोबाइल छिन जाने पर अधिकांश लोग हाथ पर हाथ रखकर ही बैठ जाते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि मोबाइल जैसी चीज लुटने के बाद मिलनी नामुमकिन सी बात है। कुल मिलाकर शहर के लोगों को राह चलते लूट की घटनाओं से सावधान रहने की आवश्यकता है। प्रतिदिन राह चलते लूट की घटनाएं बढ़ोत्तरी की ओर है और पुलिस प्रशासन इस पर कोई अंकुश नहीं लगा पा रहा।



राजकीय इण्टर कॉलेज से कूड़ा उठाने पहुंचे राजनीतिक दलों के पदाधिकारी

## शाम ढलते ही सड़कों पर चलते हुए बिल्कुल मोबाइल ना सुने

मुजफ्फरनगर, ८ सितम्बर (बु.)। यूं तो मोबाइल, चेन और पर्स लुटेरे दिन में भी अपने काम को लगातार अंजाम दे रहे हैं, मगर ऐसे में कुछ सावधानी हमें भी बरतनी होगी। सड़कों पर चलते समय जब किसी की कॉल आती है, तो हम बड़े आराम से कॉल सुनते हुए कई बार पैदल, तो कई बार वाहनों से जाते दिखाई पड़ते हैं, बस इसी बात का फायदा राह से मोबाइल छीनने वाले अपराधी उठा रहे हैं, दरअसल आम स्वभाव में व्यक्ति जब बाजारों अथवा सड़कों से गुजरते हुए मोबाइल सुनता है, तो बड़े ही हल्के अंदाज में मोबाइल पकड़े रहता है। वह भूल जाता है कि रात के समय मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देने वाले अपराधी उनके इर्द गिर्द ही घूम रहे हैं। इसलिए आमजन को यही सलाह दी जाती है कि दिन में ना सही, मगर रात में मोबाइल कॉल सड़कों पर सुनते समय पूरी सावधानी बरतें, यदि कॉल सुननी भी पड़े, तो कॉल सुनते समय अपने महंगे मोबाइल को कसकर पकड़कर रखे, नहीं तो आप किसी भी समय मोबाइल लूट का शिकार हो सकते हैं।

## अब सारे बने महान, कूड़ा उठाने पहुंचे राजकीय इण्टर कॉलेज के मैदान

### रालोद, भाकियू, भाजपा के नेता कूड़ा उठाने पहुंचे कॉलेज

मुजफ्फरनगर, ८ सितम्बर (बु.)। तीन दिन पहले किसानों की महापंचायत सम्पन्न होने के बाद भाकियू के गले तरह–तरह की फजीहतें होती दिख रही हैं। एक ओर जहां भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के अल्लाह हू अकबर के नारे की चर्चा पूरे प्रदेश में होती दिख रही है, वहीं राजकीय इण्टर कॉलेज के कूड़े की चर्चाएं भी चरम पर हैं। सोशल मीडिया व प्रिंट मीडिया द्वारा जब यह मुद्दा जोर शोर से उठाया गया कि किसान रैली के तीन दिन बाद भी सिर्फ राजकीय कॉलेज के मैदान ही नहीं बल्कि राजकीय इण्टर कॉलेज कूड़ाघर बना पड़ा है। उक्त खबर के वायरल होते ही सभी राजनैतिक हल्कों में खलबली मची देखी गयी और अब हर कोई उक्त कूड़े को उठाने की पहल करने में लगा हुआ है। मंगलवार की रात ही रालोद कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम बीड़ा उठाते हुए राजकीय इण्टर कॉलेज में सफाई का काम शुरू कर दिया था। इसी क्रम में सांसद संजीव बालियान ने भी वहां पहुंचने की घोषणा की थी, हालांकि किन्हीं कारणों से वे पहुंच तो नहीं सके मगर उन्हीं की पार्टी की चेयरमैन अंजू अग्रवाल स्वयं अपने लाव लश्कर के साथ वहां पहुंची और हाथोंहाथ नगरपालिका कर्मियों से कूड़ा उठवाने का कार्य कराया। रालोद भाकियू व भाजपाईयों द्वारा इण्टर कॉलेज की सफाई के कार्य की सराहना तो हुई ही, साथ ही साथ लोगों ने यह कहते हुए भी चुटकी ली कि सभी राजनैतिक दल तब कहां थे, जब तीन दिन से यहां कूड़ा बिखरा हुआ था। मीडिया द्वारा उक्त समाचार उजागर करने के बाद अब सब अपना अपना योगदान करते दिख रहे हैं। बड़ा सवाल यह है कि जब रैली समाप्त हुई थी, तो रैली के आयोजकों ने बाद की भी कोई जिम्मेदारी किसी को दी होगी और आयोजकों की बात के साथ–साथ नगर पालिका प्रशासन तथा जनपद के आला अधिकारियों को आखिर दो दिन तक इतनी भारी संख्या में पड़ा कूड़ा क्यों नही दिखाई दिया और एकाएक मीडिया में समाचार चलते ही क्यों सभी दल अपने पूरे बल सहित उक्त कॉलेज से कूड़ा साफ करते दिख रहे हैं। कुछ लोगों का तो कहना है कि अब हर काम में राजनीति होने लगी है। कूड़ा उठाने में भी शायद सभी दल इसलिए बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं, क्योंकि इन्हें प्रत्येक अच्छे काम का श्रेय लेने की होड़ लगी है। आने वाले कुछ महीनो बाद चुनाव जो सिर पर हैं, ऐसे में हरेक नेता अपने आपको समाज का सबसे बड़ा हितेषी साबित करने में जुटा हुआ है, मगर फिलहाल तो कुछ भी हो, राजकीय इण्टर कॉलेज का कूड़ा विभिन्न राजनीतिक लोगों रालोद, भाजपा, भाकियू आदि के सहयोग से साफ हो चुका है।

## मिमलाना रोड युवती से सरेराह छेड़छाड़, तहरीर दी

मुजफ्फरनगर, 8 सितम्बर ( बु. )। शहर कोतवाली क्षेत्र के मिमलाना रोड निवासी एक डॉक्टर की बेटी को मौहल्ले का ही दूसरे वर्ग का युवक काफी दिन से आते-जाते समय परेशान करते हुए छेड़छाड़ कर रहा है। तीन दिन पूर्व आरोपी ने युवती को रोककर उसे अपना मोबाइल नंबर देते हुए कॉल करने के लिए कहा, लेकिन पीड़िता ने अनसुना कर दिया। इससे आक्रोशित युवक ने बुधवार शाम करीब चार बजे ट्यूशन से लौटती युवती को सरेराह रोक लिया और जबरन उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा। युवती किसी तरह आरोपी से बचकर घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इस पर परिजन युवती को लेकर रामलीला टिल्ला चौकी पहुंचे और आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर देकर उससे जान-माल का खतरा जताया। सूचना पर चौकी पुलिस पर तैनात कांस्टेबल एक होमगार्ड के साथ मौके पर पहुंचा और आरोपी को पकड़ लिया। इसी दौरान जिला पंचायत चुनाव लड़ चुका आरोपी का सपा नेता चाचा मौके पर पहुंचा और युवक को जबरन पुलिसकर्मी से छुड़ाकर भगा दिया। विरोध करने पर आरोपी ने पुलिसकर्मी से जमकर बदसलूकी करते हुए थाने में ही धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दे डाली। पुलिसकर्मी ने इसकी जानकारी अफसरों को दी, जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी सपा नेता को हिरासत में ले लिया, हालांकि कार्रवाई के बजाए देर शाम तक चौकी पुलिस आरोपी सपा नेता को वहीं बैठाकर कार्रवाई के बजाए आरोपी को वीआईपी ट्रीटमेंट देने में लगी रही। सीओ सिटी कुलदीप सिंह ने मामले से अनभिज्ञता जताई, जबकि इंस्पेक्टर संतोष त्यागी का कहना है कि आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। वहीं, सपा नेता को आरोपी को पुलिस के सुपुर्द करने के निर्देश दिए गए हैं।

## किशोर से कुकर्म के आरोपी को दस साल कैद की सजा

मुजफ्फरनगर, 8 सितम्बर ( बु. )। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव में गत 17 अक्तूबर 2016 को अनुसूचित वर्ग के दस साल के किशोर को दूसरे वर्ग का युवक शाहनवाज बहला-फुसलाकर गांव के बाहर जंगल में ले गया था। वहां आरोपी ने बच्चे के साथ कुकर्म किया था। पीड़ित मासूम ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी थी, जिस पर परिजनों ने आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की सुनवाई विशेष पॉक्सो कोर्ट में न्यायाधीश संजीव कुमार तिवारी के समक्ष हुई। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक दिनेश शर्मा व मनमोहन वर्मा ने प्रभावी पैरवी करते हुए आरोपी के खिलाफ पुख्ता सुबूत व गवाह पेश किए। पुलिस की भी मामले में प्रभारी पैरवी रही, जिसके आधार पर न्यायाधीश ने बुधवार को आरोपी शाहनवाज को कुकर्म का दोषी करार दिया। इसके बाद आरोपी शाहनवाज को न्यायाधीश ने 10 साल कैद के साथ ही 20 हजार रुपये जुर्माने की भी सजा सुनाई है।

## विदशों से तस्करी कर मुजफ्फरनगर लाया जा करोड़ों रुपयों का सोना

### लखनऊ एयरपार्ट पर एक सप्ताह में दूसरी बार पकड़े गए मुजफ्फरनगर के तस्कर

मुजफ्फरनगर, 8 सितम्बर ( बु. )। लखनऊ एयरपोर्ट पर विदेश से तस्करी कर सोना लाने वाले गांव बागोवाली के दो तस्करों समेत छह को डीआरआई की टीम ने 16 अगस्त को गिरफ्तार किया था। तस्करों से पूछताछ के बाद मंगलवार को फिर से डीआरआई की टीम ने एयरपोर्ट से सोने के तस्कर दबोचे हैं। उनके पास से साढ़े चार करोड़ रुपए का सोना बरामद हुआ है। कुछ दिन पूर्व डीआरआई की टीम ने गांव बागोवाली में भी दबिश दी थी। 16 अगस्त को लखनऊ एयरपोर्ट पर बागोवाली निवासी नासिर व मास्टर सरफराज समेत 6 सोने के तस्करों को डीआरआई की टीम ने दबोचा था। उनके पास से लगभग ढाई करोड़ रुपये का सोना बरामद हुआ था। सोने के बिस्किट विदेश से छिपाकर लाए गए थे। डीआरआई की टीम ने सोने के तस्करों से गहन पूछताछ की। इस मामले में जावेद निवासी देवबंद को फरार होने में कामयाब हो गया था। बताया गया था फरार तस्कर का सोना एयरपोर्ट पर पकड़ा गया था। इस संबंध में डीआरआई की टीम ने कुछ दिन पूर्व नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव बागोवाली में दबिश भी दी थी। तस्करों से पूछताछ के बाद उनका चालान कर दिया गया । तस्करों से हुई पूछताछ के बाद मंगलवार को फिर से डीआरआई की टीम ने लखनऊ एयरपोर्ट पर सोने की बड़ी खेप पकड़ी है। डीआरआई के अनुसार बरामद सोने के 77 बिस्किट रियाद से आने वाली फ्लाइट से लाए गए थे। बिस्किटों के साथ मुजफ्फरनगर का रहना वाला तस्कर गिरफ्तार किया गया है। बरामद हुए सोने की कीमत लगभग साढ़े चार करोड़ रुपये है। यह सोना मुजफ्फरनगर ही लाया जाना था। इस संबंध में कस्टम के एक हवलदार को भी पूछताछ के लिए लखनऊ में हिरासत में लिया गया था। सूत्रों का कहना है कि वह मिलीभगत कर सोने की तस्करी करा रहा था। फिलहाल पकड़े गए तस्करों से पूछताछ की जा रही है।

## पानी पीने से चार की हालत बिगड़ी, एक रैफर

कैराना, 8 सितम्बर ( बु. )। कैम्पर में आया पानी पीने से चार युवकों की हालत बिगड़ गई। आसपास के लोग चारों को सरकारी अस्पताल ले गये, जहां से एक युवक को रैफर कर दिया। वहीं पीड़ित द्वारा पड़ौसी दुकानदार पर पानी में विषैला पदार्थ मिलाने का आरोप जड़ा गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की गहराई से जांच में जुट गई है। शामली रोड पर स्टेट बैंक के सामने द लायन अरबन के नाम से ऑनलाइन मनी ट्रांसफर की दुकान है। दुकान मालिक सरवर निवासी मौहम्मदपुर राई प्रतिदिन पानी का कैम्पर मंगाता है। बुधवार को पानी का कैम्पर सप्लाई करने वाला सरवर व उसके पड़ौसी का कैम्पर दुकान के बाहर रखकर चला गया। बाद में पड़ौसी ने कैम्पर उठाकर सरवर की दुकान के आगे रख दिया। दोपहर करीब 1 बजे सरवर व दुकान पर आये रिजवान निवासी मौहल्ला आलखुर्द, अदनान निवासी मौहल्ला इकरामपुरा व एजाज निवासी मौहम्मदपुर राई ने पानी पिया तो चारों की हालत खराब हो गई। बाद में आसपास के लोग चारों को सरकारी अस्पताल ले गये, जहां गंभीर हालत के चलते एजाज को रैफर कर दिया, वहीं बाकी तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। दुकानदार सरवर ने आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत की कि पड़ौसी दुकानदार ने कैम्पर का ढक्कन खोलकर पानी में विषैला पदार्थ मिला दिया, जिसके बाद पुलिस आरोपी दुकानदार को पूछताछ के लिए

शेष : पृष्ठ ४ पर

**क्या आप कम सुनते है**
**क्या आपका बच्चा ठीक से बोल नही पाता**
बोलने व सुनने की समस्त समस्याओं के समाधान हेतु सम्पर्क करें
डा0 हंसराज (ओडियोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधाएं
- कान की दिखाई ना देने वाली मशीने
- कान की जॉच
- स्पीच थैरेपी
- गूंगे व बहरे बच्चों की समस्या का निदान
- हकलाने-तुतलाने की समस्या का निदान



SHOURYA
शौर्य स्पीच एंड हियेरिंग केयर सेन्टर
नया जानसठ बस स्टैण्ड मु0 नगर
7983136513, 7500006105
Privileged Partner signia
*नियम व शर्तें लागू

## एक हजार रुपये के लिए हत्या के आरोपी दोषी करार

मुजफ्फरनगर, 8 सितम्बर ( बु. )। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव अलमासपुर निवासी सब्जी विक्रेता दरियाव सिंह ने तीन लोगों, राजू, बिट्टू उर्फ प्रवीण और वीरेंद्र से एक हजार रुपये ब्याज पर लिए थे। गत् 12 दिसंबर वर्ष 2002 को तीनों आरोपी दरियाव सिंह से रुपये वसूलने उसके घर पहुंचे थे, जहां उसने ब्याज के चार सौ रुपये देते हुए मूल एक हजार रुपये चुकाने के लिए कुछ समय मांगा। इसे लेकर आरोपियों ने दरियाव सिंह से गाली-गलौच कर दी और देर रात दोबारा उसके घर पहुंच गए। वहां राजू ने तमंचे से दरियाव सिंह को गोली मार दी, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित पक्ष ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर-14 संदीप गुप्ता के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ही एक आरोपी वीरेंद्र वर्मा की मौत हो गई थी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अमित त्यागी ने बताया कि आरोपी राजू व बिट्टू उर्फ प्रवीण के खिलाफ पुख्ता गवाह व सुबूत न्यायालय में पेश किए गए, जिनके आधार पर न्यायाधीश संदीप गुप्ता ने बुधवार को दोनों आरोपियों को हत्या में दोषी करार दिया। बृहस्पतिवार को दोनों अभियुक्तों को सजा सुनाई जाएगी।



जिला अस्पताल में बालिका के गायब होने पर हंगामा करते परिजन

## जिला अस्पताल से बालिका गायब होने पर ग्रामीणों का हंगामा

मुजफ्फरनगर, ८ सितम्बर (बु.)। पुरकाजी विधानसभा थाना छपार के गांव रुरेतानगला की बालिका किन्ही कारणों से पुलिस द्वारा मुजफ्फरनगर जिला अस्पताल के वन स्टॉफ सेंटर मैनेजर एवं स्टाफ के सुपुर्द कर दी थी। परिवार के बार–बार कहने पर भी स्टाफ द्वारा उन्हें मिलने नहीं दिया गया और परिवार को बिना बताए थाना छपार से भी मामले गोपनीयता रखते हुए सेंटर से गायब कर दी गई। परिजनों में स्टाफ के प्रति रोष है, जिसको लेकर आज जिला अस्पताल में लड़की की बरामदगी को लेकर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता रुकमल गौतम व रेतानंगला के प्रधान दीपक राणा के साथ परिजनों ने हंगामा और जल्द से जल्द लड़की को बरामद कर परिजनों को सौंपने को कहा।

## सड़क हादसे में महिला की मौत, दूसरी गंभीर

मुजफ्फरनगर, 8 सितम्बर ( बु. )। शाहपुर क्षेत्र के गांव सोरम निवासी शिक्षा देवी बुधवार सुबह अपने बेटे सुरेंद्र के साथ बाइक से रिश्तेदारी में फुगाना क्षेत्र के गांव भड़ल गई थी। वहां से शिक्षा देवी, उसका बेटा सुरेंद्र और महिला बबली रिश्तेदारी में बाइक पर ही घर लौट रहे थे। शामली-मुजफ्फरनगर मार्ग पर शाम करीब चार बजे जैसे ही उनकी बाइक शहर कोतवाली क्षेत्र में पहुंची, अचानक तेज रफ्तार बाइक सड़क में बने एक गहरे गड्ढे में गिरकर उछल गई। इससे बाइक पर बैठी दोनों महिलाएं काफी ऊंचाई से उछलकर सिर के बल नीचे सड़क पर जा गिरीं और सिर में चोटें लगने से अचेत हो गई। बेटा सुरेंद्र तत्काल एंबुलेंस से दोनों महिलाओं को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा, जहां उपचार के दौरान शिक्षा देवी की मौत हो गई। वहीं, बबली को नाजुक हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया। पुलिस ने महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बाइक की साइड लगने को लेकर हुई मारपीट में दुकानदारों में अफरा-तफरी

खतौली, ८ सितम्बर (बु.)। नगर के रेलवे रोड पर बाईक की साइड लगने को लेकर हुए विवाद में चार युवकों द्वारा दो लोगों की सरेबाजार लात–घूसों से बर्बरता पूर्वक जमकर मारपीट से दुकानदारों में अफरा–तफरी मच गयी। झगड़े का वीडियो वायरल होने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस सी.सी.टी.वी. कैमरों की फुटेज के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवकों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किये। मिली जानकारी के अनुसार नगर के रेलवे रोड पर बाईक की साइड लगने को लेकर युवकों के दो गुटों में गाली गलौच के साथ विवाद शुरू हो गया। जिसपर एक पक्ष के चार युवकों ने दूसरे पक्ष के दो युवकों पर लात घूसों से बर्बरता पूर्वक हमला करते हुए अपनी दबंगता का जमकर प्रदर्शन करने से रेलवे रोड स्थित दुकानदारों में हड़कम्प मच गया, परन्तु किसी भी व्यक्ति द्वारा सड़क पर हो रही गुंडई का बीच बचाव कराने का कोई प्रयास नहीं किया गया। वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने सड़क पर हो रही बर्बर मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के पश्चात आनन फानन में हरकत में आई कोतवाली पुलिस द्वारा अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश में जुट गई है। उल्लेखनीय है कि नगर में रेलवे रोड पर एक महाविद्यालय, एक इण्टर कॉलेज सहित अनेक कोचिंग सैन्टर संचालित है, जिसके कारण रेलवे मार्ग पर भारी संख्या में छात्र–छात्राओं का आना जाना रहता है तथा विद्यालयों व कोचिंग सैन्टरों के बाहर सड़कों पर भी युवाओं के झुण्डों का जमावड़ा बना रहता है, वहीं रेलवे मार्ग पर सब्जी विक्रेताओं के लगने वाली सैंकड़ों ठेलियों व फड लगाकर सब्जी बेचने वालों के कारण भारी भीड़ बनी रहने से इस मार्ग पर अनेक बार इस प्रकार की घटनाएं घटित होना एक क्रम बन गया है, जिसको लेकर आस–पास की कॉलोनी के परिवारों में दहशत का माहौल बना रहता है। कॉलोनी के लोगों द्वारा रेलवे रोड पर पुलिस गश्त की गुहार की है।

## राज्य कर्मचारियों को अवकाश यात्रा सुविधा कैश पैकेज का भुगतान 31 अक्टूबर तक

लखनऊ, 08 सितम्बर ( वार्ता ) उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों के लिए अवकाश यात्रा सुविधा के तहत स्पेशल कैश पैकेज का भुगतान 31 अक्टूबर तक करने के निर्देश दिए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस सम्बन्ध में वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव वित्त प्रमुख सचिव, सचिव, विभागाध्यक्षों एवं मुख्यालय अध्यक्षों को पत्र जारी कर दिया गया है। पत्र के अनुसार राज्य कर्मचारियों के लिए अवकाश यात्रा सुविधा के अनुसार अनुमन्य किराये के बदले स्पेशल कैश पैकेज सुविधा के तहत वित्त विभाग के शासनादेश 16 अक्टूबर 2020 के तहत प्रदत्त सुविधा का लाभ उठाने के लिए जिन कर्मचारियों द्वारा बिल्स, बाउचर, क्लेम 31 मार्च, तक प्रस्तुत कर दिए गये थे। उनका भुगतान क्लेम नियम अनुसार होने की दशा में वित्तीय वर्ष 2021-22 में 31 अक्टूबर तक कर दिया जाये।

## अभिनेता अक्षय कुमार की मां अरुणा भाटिया का निधन



मुंबई, 08 सितंबर (वार्ता) अभिनेता अक्षय कुमार की मां अरुणा भाटिया का मुंबई में बुधवार को निधन हो गया है। अक्षय ने इसकी जानकारी खुद अक्षय ने ट्वीट करके दी। उन्होंने लिखा कि वह मेरी सब कुछ थी, आज मैं बहुत दर्द में हूँ, ये दर्द असहनीय है। उन्होंने लिखा, ''आज सुबह मां का निधन हो गया। वह इस दुनिया को छोड़कर अब दूसरी दुनिया में पिता से फिर मिल गईं। मैं आपकी प्रार्थनाओं का सम्मान करता हूं। ओम शांति।'' मां की तबीयत खराब होने कारण अक्षय कुछ दिन पहले ही लंदन से शूटिंग छोड़कर वापस मुंबई वापस आ गये थे। अक्षय की माँ मुंबई के हीरानंदानी अस्पताल में भर्ती थीं जहां उनका निधन हो गया। रिपोर्ट के अनुसार अक्षय की मां को शुक्रवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अक्षय लंदन में अपनी आने वाली फिल्म सिंड्रेला की शूटिंग कर रहे थे लेकिन जैसे ही उन्हें माँ की खराब तबियत का पता चला वे मुंबई वापस आ गये।



# बीड़ी न देने पर युवक के साथ मारपीट कर किया घायल

**–पुलिस ने मेडिकल के लिए भेजा अस्पताल –पैसे न देने पर डॉक्टरों ने नहीं किया मेडिकल**

भोपा, ८ सितम्बर (बु.)। पीने के लिए बीड़ी न देने पर युवक के साथ मारपीट कर किया घायल। युवक ने थाने में तहरीर देकर लगाई कार्यवाही की गुहार। युवक ने डॉक्टरों पर लगाया पैसे लेने का आरोप। बिना मेडिकल किए भेजा पुलिस जांच में जुटी। ककरौली थाना क्षेत्र के ग्राम खाईखेड़ा निवासी सचिन ने बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था कि वहीं पर मौजूद एक युवक द्वारा उससे पीने के लिए बीड़ी मांगी गई, जिस पर युवक ने बीड़ी नहीं दी, जिस पर आरोपी युवक ने पीड़ित पर हमलाकर दिया, जिसमें युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। युवक ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही कि गुहार लगाई है। थाना प्रभारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि मारपीट की तहरीर आई थी, युवक को मेडिकल के लिए भेज दिया है। जांच कर कार्यवाही की जायेगी। पीड़ित सचिन व उसकी पत्नी रूपा ने आरोप लगाते हुए बताया कि पुलिस द्वारा उसे मेडिकल के लिए सरकारी अस्पताल में भेज दिया गया था, जिस पर वह मेडिकल के लिए भोपा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंची, जहां पर मेडिकल करने के नाम पर डॉक्टरों ने ३ हजार की मांग की। पीड़ित गरीब होने के कारण डॉक्टरों को ३ हजार तक की ध नराशि नहीं दे पाया। इसके चलते डॉक्टरों ने पीड़ित को बिना मैडिकल किए वापस भेज दिया, जिस पर पीड़ित परिवार ने डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## 05 को भेजा जेल

बुढ़ाना, ८ सितम्बर (बु.)। पुलिस ने आज बुधवार के दिन विभिन्न स्थानों पर शांतिभंग कर रहे ०५ लोगों को जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के निर्देश पर बुढ़ाना पुलिस ने शांति व्यवस्था कायम करने के उद्देश्य से अमित पुत्र प्रेम सिंह और जंगी पुत्र सतपाल निवासीगण ग्राम भसाना, विकास पुत्र ऋषिपाल ग्राम बिटावदा, वसीम पुत्र मेहंदी हसन और शौकीन पुत्र इदरीश निवासीगण मौहल्ला खाकरोबान कांशीराम कालोनी कस्बा बुढ़ाना जनपद मुजफ्फरनगर को जेल भेज दिया है।



आयुक्त सहारनपुर डॉ. लोकेश एम. शामली कलेक्ट्रेट में अधिकारियों को संबोधित करते हुए। –फोटो बुलेटिन

# सामूहिक बलात्कार, हत्या के आरोपियों को फांसी की मांग

शामली, 8 सितम्बर ( बु. )। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के पदाधिकारियों ने सिविल डिफेंस दिल्ली पुलिस में कार्यरत सबिया सैफी की हत्या एवं सामूहिक बलात्कार के आरोपियों को फांसी की सजा दिलाये जाने की मांग करते हुए कलेक्ट्रेट में जमकर नारेबाजी कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। बुधवार को सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष इसरार खान, जिला पंचायत सदस्य अजीम खान, प्रवेज चौधरी के नेतृत्व में पैदल मार्च निकालते हुए शामली कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन देकर कहा कि उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद की स्थानीय निवासी 21 वर्षीय सबिया सैफी दिल्ली के संगम विहार में रहती थी। जो सिविल डिफेंस दिल्ली में कार्यरत थी। जिसकी डयूटी डीएम ऑफिस लाजपत नगर दिल्ली में थी। 27 अगस्त की शाम डयूटी करके जब सबिया अपने घर के लिए निकली, तो वह घर नहीं पहुंची। परिजनों ने सबिया की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। अगले दिन सबिया के परिजनों को पता चला कि उसकी बर्बतापूर्वक हत्या की गई। जिसके साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है। लगभग 50 जगह चाकू घोंपे गए। स्तन काटे गए और मृतक के साथ हैवानियत की सारी हदें पार की गई। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों को फांसी की सजा दी जाये। इस अवसर पर फरहान खान, गुफरान चौधरी, उमर खान, अबरार, कारी नौशाद, चौधरी याकूब चौधरी, फरहान अहमद, मौलाना सद्दाम, अनवार चौसाना, आसिफ, मौलाना शहजाद आदि मौजूद रहे।

# अफसरों की फिजीकल क्षमता अब प्रजेटेशन से परखेंगे आयुक्त

शामली, 8 सितम्बर ( बु. )। नोडल अधिकारी अब अगली बैठकों में फिजिकल वर्क करने वाले जनपद के विभिन्न विभागीय अधिकारियों के कार्यों की प्रेजेंटेशन से कार्यक्षमता परखी जाएगी। उन्होंने चीनी मिलों का नया सत्र शुरू होने से पूर्व उनके बाहर की सड़कों को ठीक कराने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त सहारनपुर डॉ. लोकेश एम. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शासन की प्राथमिकता व विकास कार्यक्रमों के अनुश्रवण एवं कानून व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित की गई। उन्होंने विकास कार्यों को गति देते हुए कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने डेंगू आउटब्रेक, स्क्रब टायफस के प्रभारी नियंत्रण को विगत् बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में की गई कार्रवाई की जानकारी प्राप्त कर उक्त कार्य को और गंभीरता से लेते हुए नियमित एंटीलार्वा स्प्रे तथा फॉगिंग, जल जमाव की स्थिति का प्रभावी निस्तारण कराते हुए प्रतिदिन की रिपोर्टिंग कराने के निर्देश दिए। आयुक्त महिला अपराध, यातायात व्यवस्था, एवं अपराधियों पर की जाने वाली कार्रवाई के सम्बंध में जानकारी ली। उन्होंने गौ आश्रय स्थलों पर व्यवस्था जानकारी ली। आयुष्मान कार्ड में प्रगति धीमी होने पर आयुक्त ने पात्रों की सूची चिह्नित कर अभियान चलाकर गोल्डन कार्ड बनाने के निर्देश सीएमओ को दिए। विकास खंड, ग्राम प्रधानों, सचिवों का सहयोग लेकर ज्यादा से ज्यादा गोल्डन कार्ड बनाए जाए। जिलापूर्ति अधिकारी को अन्त्योदय कार्ड धारकों का सर्वे कराते हुए पात्र यूनिट में ऐड करने तथा अपात्रों की अलग सूची बनाने के निर्देश दिए। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि जनपद में तीन चीनी मिले हैं, और पेराई सत्र 20 से 25 अक्टूबर के बीच तक शुरू होना है। आयुक्त ने पेराई सत्र शुरू होने से पहले सभी चीनी मिलों के बाहर खराब सड़कों को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को कोई दिक्कत ना हो। उन्होंने किसानों के गन्ना मूल्य भुगतान को त्वरित गति देते हुए शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने सभी सामुदायिक शौचालयों पर वृक्षारोपण और नियमित साफ-सफाई, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण के लाभार्थियों के पास शौचालय, गैस, विद्युत कनेक्शन आदि की सुविधा है या नहीं है का सर्वे कराया जाएं। उन्होंने कैंप लगाकर विद्युत कनेक्शन देने के निर्देश दिए। जनपद में 3 पेयजल परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, जिनमें से दो का कार्य पूर्ण है शेष पर कार्य प्रगति पर है। आयुक्त ने कहा, जहां पर कार्य पूर्ण किया है, उसको चेक किया जाए, जो पेयजल योजना बंद चल रही हैं उनको संचालित किया जाने की योजना बनाई जाए। पीडब्ल्यूडी की सड़कों के संबंध में बताया गया कि 5 सड़कें बनाई जा रही हैं। 38993 की वृद्धावस्था पेंशन जबकि कन्या सुमंगला योजना में 6797 को लाभ दिया जा चुका है। 18 आंगनबाड़ी केंद्र निर्माणाधीन हैं। ट्रांसफॉर्मर की क्षमता को लेकर जानकारी प्राप्त की। विद्युत अधिकारी ने बताया गया कि यदि कहीं पर भी ट्रांसफॉर्मर फुंक जाने की समस्या आती है, तो टोल फ्री नंबर 1912 पर कॉल कर सकते हैं। आयुक्त ने निर्देश दिए जितने भी टोल फ्री नंबर हैं, उनको जिला, तहसील व ब्लॉक स्तर पर लिखवाया जाए, ताकि जनता को उसका लाभ मिल सके। आयुक्त ने 50 लाख धनराशि की अधिक लागत की, जो परियोजनाएं बजट के अभाव में रुकी है, उसके लिए शासन स्तर उनके माध्यम से भी पत्र भिजवाया जाए, ताकि बजट उपलब्ध हो सके और निर्माण कार्य को गति दी जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि फिजिकल वर्क करने वाले अधिकारियों के कार्यों का आगामी बैठक में प्रेजेंटेशन होगा। बैठक में जिलाधिकारी जसजीत कौर, मुख्य विकास अधिकारी शंभूनाथ तिवारी, अपर जिला अधिकारी अरविंद कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी प्रमोद कुमार, सीएमओ डॉ संजय अग्रवाल, प्रभागीय वन अधिकारी सहित सम्बंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज का इतिहास

नयी दिल्ली, 08 सितंबर ( वार्ता )। भारतीय और विश्व इतिहास में 08 सितंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार है: 1553- ब्रिटेन के लिचफिल्ड शहर की स्थापना की गयी। 1753- पहला स्टीम इंजन उत्तरी अमेरिका की कालोनियों में लाया गया। 1776- अमेरिकी संसद 'कांग्रेस' ने आधिकारिक तौर पर देश का नाम 'यूनाइटेट कॉलोनीज' से बदलकर 'संयुक्त राज्य अमेरिका' किया। 1828- रूस के विख्यात लेखक एवं उपन्यासकार लियो टॉलस्टॉय का जन्म। 1850- आधुनिक हिंदी साहित्य के पितामह भारतेन्दु हरिश्चंद्र का जन्म 1850- कैलिफोर्निया अमेरिका का 31वां राज्य बना। 1867- यूरोपीयीय देश लक्जमबर्ग ने स्वतंत्रता प्राप्त की। 1911- इटली की एक झील ट्रेसीमिने में एक मोटरबोट दुर्घटना में 14 लोगों की मौत। 1920- एंग्लो-ओरियंटल कॉलेज ऑफ अलीगढ़ का नाम बदलकर 'अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी' किया गया। 1943- जर्मन और इतालवी सेना के बीच रोड्स का युद्ध शुरू हुआ। 1949- भारत में हिन्दी को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा दिया गया। 1954- अफ्रीकी देश अल्जीरिया के आरलिसविले क्षेत्र में भूकंप से 1400 लोगों की मौत। 1967- युगांडा ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त की। 1968- अमेरिका के प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी आर्थर ऐश यूएस ओपन जीतने वाले पहले अश्वेत खिलाड़ी बने। 1968- भारत के प्रसिद्ध उपन्यासकार, कहानीकार, निबंधकार, नाटककार, क्रान्तिकारी, पत्रकार रामवृक्ष बेनीपुरी का निधन। 1971- अमेरिकी के प्रथम राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिगटन के नाम पर अमेरिका की राजधानी का नाम वॉशिंगटन डीसी रखा गया। 1974- कारगिल वार के नायक एवं मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन विक्रम बत्रा का जन्म। 1991- ताजिकिस्तान ने सोवियत संघ से स्वतंत्रता प्राप्त की। 2004- इंडोनेशिया के जकार्ता में ऑस्ट्रेलियाई दूतावास के बाहर एक बम फटने से 10 लोगों की मौत हो गयी। 2012- इराक में आत्मघाती बम विस्फोट में 100 से अधिक लोगों की मौत तथा 350 घायल हुए।

# गुड़ कोल्हू संचालकों ने की बैठक, पांच को कोल्हू व पन्द्रह अक्टूबर को क्रेशर करें गन्ना पेराई

भोपा, ८ सितम्बर (बु.)। कस्बा भोकरहेड़ी में सुधीर सहरावत के गुड कोल्हू में आयोजित गुड़ खंडसारी राष्ट्रीय यूनियन के बैठक में बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद भगवानपुर ने कहा कि संगठन एकता में बड़ा बल होता है। हक ओर संघर्ष के लिये सभी कोल्हू व क्रेशर स्वामियों को एकजुट होकर शोषण की खिलाप आवाज को बुंलन्द करें, आपकी आवाज केंद्र सरकार के कानों तक पहुँचनी चाहिये। इस मौके पर कोल्हू स्वामी पांच व क्रेशर स्वामी पंद्रह अक्टूबर के बाद गन्ना पेराई सीजन शुरू करने का आह्वान किया। उत्तराखण्ड, उत्तरप्रदेश आदि आसपास के जिलो के सैकड़ों लोग शामिल हुए। भोकरहेड़ी मजलिसपुर मार्ग पर बैठक में उपाध्यक्ष मनोज त्यागी भुनी मेरठ ने कहा कि कोल्हू क्रेशर स्वामियों का विद्युत विभाग हद से ज्यादा शोषण कर रहा है। सरकार हमे भी लघु उद्योग हथकरघा की तरह बिद्युत विभाग १० रुपये प्रति यूनिट से घटाकर तीन रुपये यूनिट की जाने की प्रदेश सरकार से मांग की। कोषाध्यक्ष देवेंद्र प्रधान बागपत ने कहा कि सरकार लोन देने में रियायत करते हुए सुविधा दे, तो गुड़ व्यापार में निश्चित बढ़ोतरी होगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र भाईजी छछरौली ने कहा कि कोल्हू लेबर का कोई भी व्यक्ति भागकर कर जाता है, तो दूसरा कोल्हू क्रेशर स्वामी उसे अपने यहाँ कोई कार्य करने का मौका न दे। ऐसा करने वाले लोगो के विरुद्ध संगठन कार्यवाही करेगा। बैठक में प्रधान नबाव जटवाड़ा, टीटू, सुरेश निरानीय, अफजल कलन्त, ब्रजबीर आदि ने विचार रखे। आयोजन में अनुज पहलवान, मुकेश, आशुतोष सहरावत, विनुज, देवराम भगत, सतीश गुलमोहम्मद आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

## एसडीओ का बीमारी के चलते निधन

कैराना, 8 सितम्बर ( बु. )। बिजली घर पर तैनात एसडीओ का निधन, बुधवार को कैराना एसडीओ चतर सिंह का बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन पर सामाजिक संगठनों के साथ साथ विद्युत विभाग में शोक की लहर दौड़ गयी। उक्त मामले की जानकारी कैराना विद्युत विभाग पर तैनात जेई राहुल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि वह उत्तराखंड के निवासी हैं, विद्युत विभाग के आला अधिकारी उनके निवास स्थल के लिए रवाना हो गए। गौरतलब है कि एसडीओ चतर सिंह कुछ ही समय पहले जनपद मुजफ्फरनगर से तबादला हो कैराना आए थे।




# शिक्षक दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों का हुआ सम्मान

मुजफ्फरनगर, ८ सितम्बर (बुस.)। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित शिक्षक पर्व के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के पांच शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के पांच शिक्षकों को उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्य के आधार पर सम्मान दिया गया। उप्र शासन द्वारा चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में शिक्षण कार्य करने वाले पांच–पांच शिक्षकों को यह सम्मान प्रदान किया गया। इसी क्रम में श्रीराम कॉलेज के पॉच शिक्षकों को डॉ. प्रेरणा मित्तल, प्राचार्य श्रीराम कॉलेज, डॉ. अब्दुल अजीज खान, सहायक आचार्य, शारीरिक शिक्षा विभाग, हिमांशु, सहायक आचार्य, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, श्रुति मित्तल, सहायक आचार्य, बीबीए तथा डॉ. पूजा तोमर, सहायक आचार्य, बेसिक साइंस विभाग को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के संस्थापक द्वारा सभी पुरस्कृत शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं सूझबूझ के साथ जीवनपर्यन्त करते रहना चाहिये, जिससे उसके व्यक्तित्व से निकलने वाले ज्ञान एवं आदर्श रूपी प्रकाश से समाज एवं विद्यार्थियों को लाभ प्राप्त हो। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. आदित्य गौतम द्वारा सभी शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के शिक्षक को सबसे बडी जरूरत समय प्रबन्धन की है, साथ ही शिक्षक नवीन तकनीकियों का इस्तेमाल कर छात्र–छात्राओं को अपनी बात को और बेहतर तरीके से समझा सकता है। महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा कोरोना काल में किये गये उत्कृष्ट कार्य की भी उन्होंने भूरि–भूरि प्रशंसा की।

# शिक्षकों ने कार्य बहिष्कार कर जताया रोष

शामली, 8 सितम्बर ( बु. )। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर जनपद में समस्त स्कूलों में संगठन से जुड़े शिक्षकों से कार्य बहिष्कार कर 8 बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक किए गए स्कूलों के समय को शिक्षा संहिता की धारा के अनुसार ग्रीष्मकालीन समय सारणी के अनुरूप किए जाने की मांग की है। बुधवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर जनपद के समस्त स्कूलों में संगठन से जुड़े शिक्षकों ने एक दिवसीय कार्य बहिष्कार किया। जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने कहा कि 2 अगस्त को विधान परिषद में शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल ने विधान परिषद में काम रोके प्रस्ताव के तहत मुद्दा उठाया था, लेकिन प्रदेश सरकार ने 7 सितंबर तक उक्त विषय को संज्ञान में लेकर कोई आदेश जारी नहीं किया, जिसके विरोध में शामली जनपद के समस्त शिक्षक व शिक्षिकाओं ने कार्य बहिष्कार किया है। जिला मंत्री नीरज बेनिवाल ने कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश सरकार द्वारा जारी आदेश के कारण शिक्षकों को 8 बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहकर दो पालियों में शिक्षक कार्य करना पड़ रहा है, जोकि न्याय संगत में नहीं है। शिक्षा के नियम के अनुसार ग्रीष्मकाल में विद्यालय का समय अन्तराल 4 घंटे 35 मिनट तथा शीतकाल में 5 घंटे 10 मिनट होने का प्रस्ताव है, लेकिन वर्तमान में शिक्षकों को 8 घंटे 30 मिनट रहकर दो पालियों में डबल कार्य करना पड़ रहा है, जिससे शिक्षक शारीरिक व मानसिक तनाव में है। इस अवसर पर रजनीश कुमार भी मौजूद रहे।



# नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पर 317 लोगों को लगाई गई कोविड वैक्सीन

बुढ़ाना, 8 सितम्बर ( बु. )। बुधवार को कस्बा बुढ़ाना के ब्लॉक परिसर में स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर सोनू कश्यप के नेतृत्व में कोविड टीकाकरण चल रहा है, जिसमें बुधवार को 317 लोगों ने कोविड वैक्सीन लगवाई। डॉक्टर सोनू कश्यप ने बताया गुरूवार को नगरीय क्षेत्र बुढ़ाना में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और बार एसोसिएशन बुढ़ाना के कार्यालय पर कोविड टीकाकरण कैंप रहेगा। अतः सभी नागरिक कोविड टीकाकरण अवश्य कराएं। आज टीकाकरण करने वालों में पुनीत राठी ( लैब टेक्नीशियन ), पारसमणि शर्मा ( स्टाफ नर्स ), अमरदीप सिंह पुंडीर ( फार्मासिस्ट ) व कुणाल आदि उपस्थित रहे। खंड प्रतिरक्षण अधिकारी राजेंद्र द्वारा कोविड कैंप का निरीक्षण भी किया गया। दूसरी ओर गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना, बार एसोसिएशन बुढ़ाना कार्यालय, प्राइमरी पाठशाला नसीरपुर, प्राईमरी पाठशाला नंबर एक और दो वैल्ही, प्राईमरी पाठशाला रियावली, प्राइमरी पाठशाला नंबर एक और दो कल्याणपुर में कोविड कैंप लगाया जायेगा।

# लाभकारी मूल्य दिलाये जाने की मांग को लेकर धरना

शामली, 8 सितम्बर ( बु. )। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने शामली कलक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करते हुए किसानों का लाभकारी मूल्य दिलाये जाने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। बुधवार को भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र देशवाल के नेतृत्व में शामली कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने देश के प्रधानमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा, जिसमें उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि उपज की लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य न मिलने के कारण गरीब किसान और मजदूर व कर्जदार होता जा रहा है। सरदार द्वारा घोषित एमएसपी केवल किसान के साथ छलावा है। सरदार द्वारा घोषित एमएसपी से कहीं अधिक लागत किसान को अपनी फसल को तैयार करने में आती है। एमएसपी का लाभ भी देश के केवल 6 प्रतिशत किसानों को ही मिल पाता है। इसलिए किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं, लागत के आधार पर लाभकारी घोषित मूल्य सरदार को देना होगा। वहीं एक बार घोषित मूल्य के बाद उसके आदानों में होने वाली महंगाई को भुगतान में समायोजित कर वास्तविक लाभकारी मूल्य चुकाना होगा। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि केवल लाभकारी मूल्य घोषित करने से कुछ नहीं होगा। उस मूल्य पर उपज की खरीदारी भी होनी चाहिए। घोषित मूल्य से कम पर खरीदारी अपराध मानी जाये। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 10 दिनों के अंदर भारत सरकार कोई सकारात्मक पहल नहीं करती, तो आन्दोलन किया जाये। इस अवसर पर धीरेन्द्र मढान, देशराज शर्मा, प्रमोद कुमार, कमल सैनी, प्रदीप मुखिया, जितेन्द्र राणा आदि मौजूद रहे।

## भागवंती कॉलेज में मना विश्व साक्षरता दिवस

मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर ( बु. )। भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज नई मंडी में बुधवार को विश्व साक्षरता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस बीच विद्यालय की आचार्या दुर्गेश नंदिनी कौशिक ने मां सरस्वती के चरणों में अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर विश्व साक्षरता पर अपने विचार व्यक्त किए। बुधवार को भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सीमा गोयल ने विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर मनुष्य जाति से आह्वान किया कि वें अपनी आने वाली पीढ़ी को अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाए। शिक्षित समाज ही एक सुरक्षित समाज का निर्माण कर सकता है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि इस सुरक्षित समाज के निर्माण में महिलाओं का विशेष योगदान होता है क्योंकि माता अपनी संतान की प्रथम गुरु होती है उसके दिए हुए संस्कार ही उसे एक सक्षम, ईमानदार, शक्तिशाली, वर्तमान परिस्थितियों से लड़ने वाला, देश प्रेमी राष्ट्रभक्त बनाती हैं। इस अवसर पर कॉलेज के सभी आचार्य व आचार्या उपस्थित रहे।

## आपका आज का राशिफल

**बृहस्पतिवार, 09 सितम्बर, 2021**

**मेष**-परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए अधिक व्यय, कार्य क्षमता व मान सम्मान में वृद्धि, यात्रा सुखद।

**वृषभ**- दिन शुभ, धमागम का सुयोग, परिश्रम के अनुरूप सफलता, दूसरों की सलाह से कामयाबी, बुद्धि का विकास, घरेलू समस्याएं सुलझने की ओर, स्थान परिवर्तन।

**मिथुन**- शुभ भावनाओं का उदय, उन्नति का सुअवसर, अधिकारियों से अपेक्षित सहयोग, सुसंदेश मिलने से खुशी, व्यक्तित्व का विकास, धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि।

**कर्क**- विचारित योजना अधूरी, शंका-कुशंका प्रभावी, कार्यों में विफलता, आय में कमी, किसी बात को लेकर परेशान, शत्रु सक्रिय, मित्रों से तनाव, आवागमन में निराशा।

**सिंह**- समय अनुकूल, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, आपसी वैमनस्यता में कमी की अनुभूति, विशिष्टजनों से सम्पर्क, सुख के साधन उपलब्ध।

**कन्या**-कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, धर्म के प्रति आस्था, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

**तुला**-व्यापार में धन निवेश, अधीस्थ सहयोगियों से सहयोग, कार्यक्षमता में वृद्धि, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, यश-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, आवागमन में अनुकूलता।

**वृश्चिक**- विविध पक्षों में निराशा, स्वास्थ्य में शिथिलता, किसी बात को लेकर परेशान, अपेक्षित सहयोग का अभाव, यात्रा में परेशानी, विश्वासघात की आशंका।

**धनु**- किसी योजना पर कार्यारम्भ, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, कुछेक मसला हल हल होने की ओर, मनोरंजन की ओर रुझान, व्यक्तित्व का विकास।

**मकर**- व्यवसाय में विस्तार, प्रभावशाली हस्तियों से असहयोग, निजी जिन्दगी में सुख के साधन सुलभ, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, कर्ज की निवृत्ति।

**कुम्भ**- दिनचर्या अनुकूल, जटिल समस्याओं का संतोषजनक समाधान, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, बकाए धन की प्राप्ति, यश में वृद्धि।

**मीन**-परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, जोखिम से नुकसान, कार्यों में विफलता, पारिवारिक शारीरिक कष्ट, किसी से विश्वासघात, स्वजनों से मनमुटाव।

**विमल जैन**, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस–२/१–७६,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी–२२१००२ मोबाइल ६३३५४१४७२२

## नवीन मण्डी स्थल व्यापार समिति का चुनाव सम्पन्न

खतौली, ८ सितम्बर (बु.)। नवीन मण्डी स्थल व्यापार समिति के अध्यक्ष व सचिव पद का चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। मिली जानकारी के अनुसार नवीन मण्डल स्थल व्यापार समिति एसोसिएशन कार्यालय पर व्यापारी सुरेश गोयल की अध्यक्षता सुधीर जैन के संचालन में मण्डी स्थल व्यापारियों की एक आम बैठक आहूत हुई। बैठक में कामरेड राजीव जैन बैंक वाले व श्यामलाल अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक में नवीन मण्डी स्थल व्यापार समिति की नयी कार्यकारिणी के गठन पर आम चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से मनोज जैन बब्बल अध्यक्ष व अनुज गर्ग सचिव निर्विरोध चुने गये। इस दौरान नवनिर्वाचित मनोज जैन में सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए व्यापारियों के हित में कार्य करने का आश्वासन दिया। इस दौरान व्यापारियों ने निर्विरोध चुने गये अध्यक्ष व सचिव का भव्य स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

# गणेश उत्सव को लेकर शहर में तैयारियां जोरशोर से जारी

शामली, 8 सितम्बर ( बु. )। आगामी शुक्रवार को गणेश चतुर्थी के साथ गणपति उत्सव शुरू हो जाएगा। गणेश पर्व को लेकर शहर के बाजार भगवान गणेश की मनमोहक व रंगबिरंगी मूर्तियों से सज गए हैं। राजस्थान से आए कलाकार भी सुन्दर व आकर्षक प्रतिमाओं को सुन्दर रूप दे रहे हैं। प्रतिमाएं खरीदने के लिए बाजारों में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दे रही है। सनातन धर्म में भगवान गणेश का विशेष महत्व है। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को गणेश चतुर्थी गणेश उत्सव के रूप में मनाते हैं। सभी देवों में प्रथम आराध्य देव श्रीगणेश की पूजा करने और उन्हें प्रसन्न करने का त्यौहार इस बार 10 सितंबर से शुरू हो रहा है। इस दिन भगवान गणेश विराजेंगे और 19 सितंबर यानी अनंत चतुर्दशी के दिन उन्हें विदा किया जाएगा, जिसे लेकर शहर के शिवमूर्ति, हनुमान रोड, वीवी इंटर कॉलेज रोड, शिव चौक आदि जगहों पर भगवान गणेश की एक से बढ़कर एक सुंदर मूर्तियां सजी दिखाई दे रही है। राजस्थान से आए मूर्तिकार दिनेश कुमार ने बताया की पिछले साल लॉकडाउन के कारण वे अपना व्यापार नहीं कर पाए थे, लेकिन इस बार उन्होंने भगवान की प्रतिमाएं बेचने के लिए शहर के शिवचौक पर स्टाल लगाया है। उन्होंने बताया की वें इन प्रतिमाओं का निर्माण स्वयं अपने पिता कस्तूरीलाल के साथ मिलकर करते हैं, जिसमें सौ रुपए से लेकर 5 हजार रुपए तक की मूर्ति शामिल है। भगवान गणेश की मूर्तियों को खरीदने के लिए बाजारों में लोगों की भीड़ भी लगातार बढ़ रही है।

## इस्लामिया इण्टर कॉलेज में एन.सी.सी. रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन

मुजफ्फरनगर, ८ सितम्बर (बुस.)। इस्लामिया इण्टर कॉलेज, मुजफ्फरनगर में ८२ यू.पी. बटालियन, एन.सी.सी. के सूबेदार, राधेश्याम यादव तथा उनकी टीम द्वारा जूनियर डिविजन के छात्रों को एन.सी.सी. देने के लिए एन.सी.सी. रिक्रूटमेंट ड्राईव का आयोजन किया गया। इसमें सर्वप्रथम छात्रों की नाप–तोल की गयी, जिसमें १८२ छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिनका शारीरिक व स्वास्थ्य परीक्षण आई टीम ने किया। इसके पश्चात दौड, कूद, पुशअप आदि स्पर्धाओं का आयोजन कराने के पश्चात सफल छात्रों की लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षा लिखित परीक्षा में सफल ५४ छात्रों को एन.सी.सी. के लिए चयनित कर लिया गया। सूबेदार, राधेश्याम यादव व उनकी टीम तथा एन.सी.सी. के ए.एन.ओ. मौ. वसीम अहमद ने भर्ती की प्रक्रिया को पूर्ण कराया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक व प्रधानाचार्य डॉ. सलीम अहमद द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मुठभेड़ में फरार हुए बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

चरथावल, 8 सितम्बर ( बु. )। थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व हुई पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़ से पुलिस को चकमा देकर फरार हुए बदमाश को पुलिस ने रोहाना तिराहे दबोच लिया। पकड़े गए बदमाश पर करीब एक दर्जन के करीब मुकदमे दर्ज हैं। चरथावल थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि चार दिन पूर्व पुलिस मुठभेड़ में फरार बदमाश खड़ा है। सूचना पर चरथावल थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में दधेड़ू चौकी इंचार्ज संजय राणा ने आरोपी को रोहाना तिराहे के पास शराब के ठेके से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम सतीश पुत्र तीरमल निवासी ग्राम योगेन्द्र नगर माजरा सीकरी थाना भोपा बताया। चरथावल थाना प्रभारी महेन्द्र पाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़ा गया बदमाश एक बड़ा अपराधी है, जिस पर लूट, चोरी, हत्या के प्रयास जैसी संगीन धाराओं में करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। पकड़ा गया बदमाश ग्राम लुहारी खुर्द में हुई दो बड़ी चोरियों व पुलिस मुठभेड़ में वांछित चल रहा था। पुलिस ने आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया है।

# जानसठ में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में मिशन २०२२ की रुपरेखा पर चर्चा

जानसठ, ८ सितम्बर (बु.)। मिशन २०२२ के अंतर्गत जैसे–जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, वैसे–वैसे सभी पार्टियां अपने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को जमीनी स्तर पर जुट जाने की बात कर रही है। इसी के चलते भारतीय जनता पार्टी के खतौली विधानसभा प्रभारी अजीत सिंह ने जानसठ स्थित डाक बंगले पर जानसठ मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक ली। खतौली विधानसभा प्रभारी अजीत सिंह ने यहां बैठक में मौजूद जानसठ मंडल के महामंत्री, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी के साथ–साथ पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति दर्ज की। पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने साफ कहा कि आगामी २०२२ के विधानसभा चुनाव से पूर्व कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ स्तर पर १८ वर्ष के हुए वोटरों की नई वोटों को बनवाने, जन–जन तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने, प्रदेश की योगी सरकार में हुए विकास कार्यों के साथ–साथ केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही महिलाओं के लिए उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रत्येक गांव में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सुलभ शौचालयों का निर्माण कराया जाना सहित मूलभूत सुविधाओं के साथ–साथ देश हित में लिए गए कड़े निर्णय को मतदाताओं को समझाने की बात कही गई है। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा कार्तिक काकरान, जानसठ मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता, भूमि विकास बैंक के चेयरमैन बृजेश रस्तौगी, खतौली विधान सभा के विस्तारक हिरदेश नागर, चेयरमैन प्रवेन्द्र कुमार, नगर पंचायत जानसठ के पूर्व चेयरमैन यनेश तंवर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सतीश खटीक, ग्राम वाजिदपुर के पूर्व प्रधान संजय राठी, भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष सुरेंद्र बंसल, ग्राम सलारपुर के ग्राम प्रधान राजू धीमान, जानसठ मंडल मीडिया प्रभारी एवं सभासद नगर पंचायत जानसठ अनुज सैनी, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष मनदीप सिंह छाबड़ा, राहुल कंसल, पंकज कश्यप, पूर्व सभासद विकास गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा से समीर जैदी, रमेश पेंटर सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।



राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारी बाग काटने का विरोध करते हुए। –फोटो बुलेटिन

# बगैर मुआवजा दिए वृक्ष काटने के विरोध में रालोद नेताओं का हंगामा

शामली, 8 सितम्बर ( बु. )। गांव गोहरनी निवासी किसानों की अधिग्रहण की जा रही भूमि पर खड़े फलदार पेड़ों का राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा बिना मुआवजा दिये ही जेसीबी मशीन चलाने के विरोध में किसानों ने जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंचे रालोद नेताओं ने मौके पर किसानों के फलदार पेड़ों को ध्वस्त कर रही जेसीबी मशीन को रुकवाकर मुआवजा न दिए जाने तक कब्जा न किए जाने की मांग की, जिसके बाद तहसील ने जल्द से जल्द लिखित प्रक्रिया पूर्ण कराकर मुआवजा दिलाये जाने का आश्वासन दिया। आदर्श मंडी क्षेत्र के गांव गोहरनी निवासी युद्धवीर सिंह व सुधीर सिंह का करोडी अंडरपास के निकट आड़ू, लीची व नाशपाती का बाग है। राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य के लिए दोनों किसानों ने अपनी करीब 5554 व 1918 वर्गमीटर भूमि का मुआवजा सरकार से लिया है, जिसको लेकर बुधवार को एसडीएम शामली संदीप कुमार, तहसीलदार सहित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी भूमि का कब्जा मुक्त करने के लिए गए थे, जहां पर उन्होने जेसीबी मशीन लगाकर हरे और फलदार पेड़ों को खुर्दबुर्द करना शुरू कर दिया, जिसकी सूचना पाकर किसान मौके पर पहुंच गए और फलदार पेड़ों का मुआवजा दिए बिना की पेड़ों को काटे जाने का विरोध किया। जिसको लेकर एसडीएम ने मौके पर थाना आदर्शमंडी सहित पुलिस फोर्स को बुला लिया और हंगामा कर रहे किसानों को रास्ते से हटा दिया गया। मामले की सूचना पाकर रालोद के पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिश, प्रसन्न चौधरी सहित दर्जनों नेता और कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और तहसीलदार को मौके पर बुलाकर जेसीबी मशीन को बंद कराया। इस दौरान किसान युद्धवीर सिंह जेसीबी मशीन के आगे लौट गया, जिसके बाद जेसीबी मशीन को बंद करना पड़ा। करीब आधा घंटा चली वार्ता के बाद तहसीलदार ने किसानों को पहले से तय 25 लाख रुपये पेड़ों को मुआवजा जल्द दिलाये जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि कागजी कार्यवाही के बाद किसानों को मुआवजा दिलाया जायेगा। पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिश व प्रसन्न चौधरी ने किसानों को मुआवजा मिलने तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही न किए जाने की मांग की। इस अवसर पर रालोद जिलाध्यक्ष मुकेश सैनी, जिला प्रभारी अरविन्द झाल, अशरफ अली खान, विक्रांत जावला, योगेन्द्र सिंह चेयरमैन, पप्पू मेडिकल, सर्वेश सिंभालका आदि मौजूद रहे।



# कार्यकर्ताओं ने जाकर बधाई दी

शाहपुर, ८ सितम्बर (बु.)। भाजपा नेता डॉ. मुनीष त्यागी को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किसान मोर्चा बनाए जाने पर मंडल अध्यक्ष एकांश त्यागी, संजय त्यागी पूर्व प्रधान दिनकरपुर, संजीव त्यागी धनायन, श्रवण त्यागी दिनकरपुर, राहुलदीप त्यागी निजामपुर आदि कार्यकर्ताओं ने जाकर बधाई दी।

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक– अंकुर दुआ
उप–सम्पादिका–श्रीमति पूजा दुआ
☎, (आ.)–98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन–9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक– 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

1973-2021

## सम्पादक की क़लम से

# ओवैसी, अतीक, अखिलेश

सियासी चर्चाओं में इस समय ओवैसी, अतीक, अखिलेश और टिकैत का चर्चा चल रहा है। महापंचायत से जुड़ी कई प्रकार की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सबसे ज़्यादा राकेश टिकैत के अल्लाह हू अकबर नारे वाली क्लिप देखने को मिल रही है, यह अलग बात है कि उन्होंने दूसरे नारे भी लगाए थे। इस नारे को लेकर कई माइक मैन और कैमरामैनों ने कई तरह की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी हैं। कुछ वीडियो में किसान इस नारे से नाराज़ दिखाई दे रहे हैं। कुछ वीडियो में मुस्लिम भी इस नारे पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं, उनका कहना है आप लगाइए अल्लाह हू अकबर का नारा, हम हर-हर महादेव का नारा नहीं लगाएंगे, क्योंकि यह हमारे अक़ीदे यानी आस्था के ख़िलाफ़ है। मायावती महापंचायत में लगे नारों से ख़ुश दिखाई दीं। इन दिनों ओवैसी उत्तर प्रदेश की यात्रा पर हैं। उन्होंने कहा है कि वे अखिलेश यादव से गठबंधन कर सकते हैं। बशर्ते कि पहल अखिलेश करें। ओवैसी ने अतीक अहमद और उनकी बीवी को अपनी पार्टी में शामिल किया। अतीक अहमद जेल में हैं, अतीक अहमद ने जेल ही से ओवैसी की पार्टी में शामिल होने की चिट्ठी भेजी। ओवैसी ने कहा कि वह मुसलमानों को सत्ता में हिस्सेदारी दिलाने को यूपी में 100 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। ओवैसी पर इल्ज़ाम लगता है कि वो ग़ैर-भाजपा वोट काटने के लिए आए हैं। इस पर वो कहते हैं कि सपा-बसपा से भी गठबंधन के लिए उनके ऑप्शन खुले हैं। अतीक अहमद और उनकी पत्नी शाइस्ता ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन में शामिल हो गए। इससे सियासी गलियारों में चर्चाएं बढ़ गईं। प्रयागराज में भी सियासी सरगर्मी बढ़ गई। कोई इसे अतीक द्वारा अपना सियासी वजूद बचाए रखने की कोशिश बता रहा है, तो कोई बीजेपी को फ़ायदा पहुंचाने की कोशिश। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि अतीक को नई पार्टी में जाने से कोई लाभ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी को फ़ायदा पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के विधायक संजय गुप्ता ने ओवैसी को तालिबानी सोच वाला नेता बताया और कहा कि योगी के डंडे से बचने के लिए अतीक अहमद का परिवार ओवैसी के संरक्षण में जाकर समाजविरोधी, देश विरोधी मंसूबे पूरे करने का ख़्वाब देख रहा है, लेकिन ये मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। अतीक अहमद और उनकी पत्नी के असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी में शामिल होने की हर कोई अपने दृष्टिकोण से व्याख्या कर रहा है। कांग्रेस के एक नेता ने इसे बीजेपी के लिए फ़ायदेमंद बताया। उन्होंने कहा कि अतीक अहमद का एआईएमआईएम में जाना बीजेपी को फ़ायदा पहुंचाएगा। कांग्रेस के नेता ने कहा कि कांग्रेस को भी इससे नुकसान उठाना पड़ सकता है। प्रयागराज शहर में अतीक फैक्टर की बात करें तो अतीक के साथ उनका अपना वोट बैंक रहा है, जो उनको हमेशा चुनावी लड़ाई में विजयी बनाता रहा है। अतीक चाहे अपना दल से चुनाव मैदान में उतरे हों या सपा से, उनका वोट बैंक हमेशा उनके साथ रहा। अब एआईएमआईएम में शामिल होने के बाद अतीक का वो फैक्टर कितना काम आएगा, ये वक़्त ही बताएगा। अतीक अहमद के नाम का इतना वर्चस्व रहा है कि शहर पश्चिम सीट हो या फूलपुर, उनके सामने कोई भी मुस्लिम नेता किसी भी पार्टी से चुनाव मैदान में उतरने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। अतीक और उनकी पत्नी ने एक बार फिर सियासत में नई नाव की सवारी कर 2022 में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को रोचक बना दिया है। अतीक, प्रयागराज पश्चिम सीट से 5 बार विधायक रहे हैं। योगी सरकार ने अतीक और उसके साथियों की 325 करोड़ की जायदाद या तो ज़ब्त कर ली है या गिरा दी है। उसके 60 साथियों के हथियारों के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। उन पर 21 मुकद्दमें हैं और उनमें से 9 लोग जेल भेजे दिए गए। अपराध आरोपी नेता की पत्नी को टिकट देने पर ओवैसी की अपनी ही दलील है। ओवैसी ने कहा, भाजपा के 37 विधायक और 92 सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, लेकिन जब उनका नाम अतीक, मुख़्तार होता है, तो वो माफ़िया होता है। अगर उनका नाम प्रज्ञा, कुलदीप, संगीत, सुरेश होता है, तो वो लोकप्रिय नेता होते हैं। फिल्मकार अशोक पंडित ने ओवैसी पर टिप्पणी की है। अशोक पंडित ने अखिलेश के बयान 'भाजपा अपराधियों का संरक्षण करती है' पर भी सोशल मीडिया पर टिप्पणी की है। अशोक पंडित ने अखिलेश यादव और असदुद्दीन ओवैसी को घेरते हुए अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। अतीक अहमद और उनकी पत्नी शाइस्ता परवीन के ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन में शामिल होने पर अशोक पंडित ने इसी का ज़िक्र करते हुए अखिलेश और ओवैसी को घेरा और लिखा कि 'आएगा तो योगी ही'। अशोक पंडित ने अपनी पोस्ट में अखिलेश यादव और ओवैसी पर तंज़ कसते हुए कहा, 'मुख़्तार अंसारी का भाई अखिलेश की पार्टी में, अतीक अहमद की पत्नी औवेसी की पार्टी में, अब कुछ कहने की ज़रूरत नहीं है कि अपराधियों को संरक्षण कौन देता है। अशोक पंडित ने अपनी पोस्ट में अखिलेश यादव, समावादी पार्टी और ओवैसी को टैग करते हुए कहा, 'आएगा तो योगी ही'। अशोक पंडित की इस पोस्ट पर लोगों के रिएक्शन भी सामने आने लगे। एक यूजर ने फ़िल्म मेकर की बात का समर्थन करते हुए कहा, 'भगवान वह दिन नहीं दिखाए कि फिर यूपी में गुंडों का राज क़ायम हो और बहू बेटियों को घरों में क़ैद होकर रहना पड़े'। मुख्तार अंसारी के बड़े भाई सिबगतुल्लाह अंसारी की सपा में एंट्री पर भी सियासी आरोप प्रत्यारोप हुए। सपा के प्रदेश सचिव ने इसपर कहा कि जब उद्देश्य बड़ा हो, तो राजनीतिक दलों को छोटे उद्देश्य भूलने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि हो सकता है दो भाई हों, उनमें से एक भाई गंदा हो, तो दूसरे लेने में हर्ज नहीं है। सपा के प्रदेश सचिव ने कहा कि हालांकि समाजवादी पार्टी खासकर अखिलेश यादव का इतिहास रहा है कि वह साफ सुधरी छवि के चरित्रवान लोगों ही को पार्टी में लाते रहे हैं। इसे लेकर भाजपा ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा था कि यही सपा का असली चेहरा है।

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

'जहालत' 'शिकार' 'अक़्ल' 'भेड़'
कुछ पढ़े लिक्खे भी अब तो हैं जहालत का शिकार,
जाहिलों से अक़्ल की उम्मीद करना छोड़िए।
भेड़ की मानिन्द जीते हैं यहाँ जाहिल हुज़ूर,
एक उल्टा चल दिया तो बाक़ी भी उल्टे चले।



# शाहपुर में नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी भरत भूषण त्यागी का सम्मान एवं सुदर्शन लाल का विदाई समारोह आयोजित

### -भव्य कार्यक्रम में विधायक उमेश मलिक मुख्य अतिथि एवं ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी रहे विशिष्ट अतिथि

शाहपुर, 8 सितम्बर (बु.)। शाहपुर में नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी भारत भूषण त्यागी का सम्मान समारोह एवं खंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन लाल का विदाई समारोह नई मंडी धर्मशाला शाहपुर में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक उमेश मलिक तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अरविंद त्यागी, ब्लॉक प्रमुख शाहपुर एवं शिवकुमार खंड शिक्षा अधिकारी दौराला मेरठ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मायाराम, खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार बुढ़ाना रहे। इसके अलावा जिलाध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष संजीव बालियान एवं अरविंद मलिक जिला अध्यक्ष शैक्षिक महासंघ मुजफ्फरनगर मुजीबुर्रहमान, शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष तथा प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संजीव बालियान, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अजय कुमार, शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष मलिक, शैक्षिक महासंघ के महामंत्री इम्तियाज अली, इंद्रपाल शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष शाहपुर, सुनील कुमार जिला अध्यक्ष, शिक्षा मित्र वैलफेयर एसोसिएशन शामली के अलावा विकास क्षेत्र शाहपुर के समस्त शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विधायक उमेश मलिक ने अपने सम्बोधन में शिक्षकों को समाज सुधार एवं शैक्षिक कार्यों को बढ़-चढ़कर करने के लिए प्रेरित किया और उन्होंने अध्यापकों के कार्यों को सराहा। उनका कहना था कि समाज में लोग उनका अनुसरण करते हैं, अतः वह लोगों के लिए अच्छी मिसाल बने। रितु मलिक ब्लॉक अध्यक्ष महिला संगठन एवं उनके संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। महबूब अली प्रधानाध्यापक जूनियर हाईस्कूल गोकुलपुर, नीरज त्यागी शिक्षामित्र हजूर नगर, वैभव कुमार, के जेरिल, वाजिद अली, ओमदत्त गौतम, नीलिमा गुप्ता, सोनम वाल्मीकि, धर्मेंद्र कुमार सिसौली, संजीव कुमार मुंड भर, नरेश कुमार कमालपुर, मनोज पाराशर, राजीव रघुवंशी, प्रियंका चौहान आदि का सहयोग रहा। बुढ़ाना से विपिन राठी, आदेश शर्मा, मनोज वैल्ली ने भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का सफल संचालन मोहम्मद इरशाद, एआरपी के द्वारा किया गया। इनके अलावा विकास क्षेत्र शाहपुर के पांचों एआरपी, संदीप मलिक, देवराज बालियान, मोनिका राठी, मोहम्मद फारूक, एसआरजी विनीत कुमार, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन गीता एवं उनका समस्त स्टाफ भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।


## आवश्यकता है

विद्यालय रेनबो एकेडमी (चरथावल) में कक्षा 1 से कक्षा 8 तक सभी विषयों के लिए अनुभवी शिक्षिकाओं व रिसेप्शनिस्ट की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी जल्द से जल्द विद्यालय में संपर्क करें

Contact Number
8851664332, 8126788728
Rainbow Academy
Charthawal (Muzaffarnagar)




# ईंट निर्माता कल्याण समिति की बैठक में कोयले के बढ़ते दामों और मिलावट पर नियंत्रण करने की मांग

मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बु.)। ईंट निर्माता कल्याण समिति ने ईंट भट्ठा उद्योग के समक्ष बने संकट को लेकर सरकार से उक्त समस्याओं के निस्तारण और उचित व सुलभ भ्रष्टाचारमुक्त व्यवस्था लागू कराने की मांग की। समिति की बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यदि सरकार ने पॉलिसी को नहीं बदला तो ईंट भट्ठा उद्योग के समक्ष संकट उत्पन्न हो जायेगा। अभी भी ईंट निर्माता कई प्रकार की समस्याओं के बीच जैसे तैसे उद्योग चलाने को विवश हैं। ईंट निर्माता कल्याण समिति की एक वार्षिक आम सभा मेरठ रोड स्थित रिसोर्ट पर संपन्न हुई। बैठक संचालन महामंत्री बलराम तायल ने किया। समिति स्थापना दिवस के इस मौके पर संपन्न इस आम सभा में ईंट भट्ठा उद्योग के समक्ष पेश आ रही समस्याओं को उठाया। जिले के सभी भट्ठा मालिकों ने ध्वनि मत से इस बात पर खुशी जताई कि समिति का 2 वर्ष का कार्यकाल पारदर्शी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का रहा। वक्ताओं ने आगामी सीजन की समस्याओं और एजंडे पर बात करते हुए समिति अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि यूएसए कोयले पर ईंट भट्ठा उद्योग की पूर्ण निर्भरता करने के बजाय सरकार तत्काल घरेलू उत्पादन सुनिश्चित करें और इससे जुड़े भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगाएं। उन्होंने कहा कि यूएसए कोयले के दामों में करीब दोगुने के बराबर बढ़ोतरी होने से देश में आज चाहे ताप बिजलीघर हो या भट्ठा उद्योग सभी के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। ट्रांसपोर्ट के दौरान कोयले में मिलावट और पानी डालकर सप्लाई करने से भट्ठा मालिकों का नुकसान हो रहा है। यूएसए कोयला भट्ठा संचालन में परेशानी व आर्थिक स्तर पर शोषण का कारण बन रहा है। इसके बजाये सरकार को दूसरे विकल्प पर ध्यान देना चाहिए, ताकि इस उद्योग को संकट से बचाया जा सके। इस मौके पर मुख्य रूप से जियाउर्र रहमान, अशोक कुमार, कृष्णपाल, वेद प्रकाश आर्य, करण वीर प्रधान, कृष्ण त्यागी, तस्लीम, अर्जुन, अंकित आर्य, पप्पू प्रधान, अनिल, नसीम, नईम राणा, तेजवीर सिंह, अनिल, सचिन प्रधान, अमित सैनी आदि मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बु.)। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष भंवर पाल शास्त्री के नेतृत्व में बुधवार को किसानों ने कलेक्ट्रेट में विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। इस बीच किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग करते हुए संघ पदाधिकारियों ने ज्ञापन एडीएम वित्त आलोक कुमार को सौंपते हुए समस्या निदान की मांग की। बुधवार को भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष भंवरपाल शास्त्री के नेतृत्व में आये किसानों ने कलेक्ट्रेट स्थित डीएम दफ्तर पर प्रदर्शन करते हुए किसानों की समस्याओं का समाधान न होने पर रोष जताया। इस बीच प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने प्रधानमंत्री से मांग करते हुए कहा कि उनके द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने के लिए काम करने का वायदा किया था, लेकिन किसानों के लिए उपज की लागत तो बढ़ी है, परन्तु सरकार के वायदे के अनुसार उनकी उपज की कीमत नहीं बढ़ रही है। गन्ना किसानों को बकाया भुगतान नहीं मिलने पर उन्होंने रोष जताते हुए कहा कि यूपी में चार साल से गन्ना मूल्य नहीं बढ़ाया गया है। इससे किसान आहत हैं। केन्द्र सरकार द्वारा अलग-अलग प्रकार की कई योजनाएं चल रही हैं, लेकिन उनका लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों का बकाया भुगतान और न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी किसानों को मिलनी चाहिए। उन्होंने केन्द्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि किसानों को उनकी फसलों की लागत के आधार पर किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाए जाने की व्यवस्था सरकार को लागू किए जाने की मांग की। इस दौरान राजेन्द्र सिंह, ओम राणा, अशोक पुंडीर, अरविन्द त्यागी, सुरेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र, सत्यवीर, दौलतराम, सुभाष त्यागी, सतेन्द्र शर्मा आदि दर्जनों किसान डीएम कार्यालय पर मौजूद रहे।


## मकान बिकाऊ है

एक मकान 103/5 साऊथ कृष्णापुरी में आशु की डेयरी के सामने बंद गली में बिकाऊ है, जो कि 225 गज में जमीनी तल पूरा बना हुआ एवं पहली मंजिल आधा बना हुआ है।

इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।
-: मोबाइल :-
9837093872


# अंपायर परीक्षा में हिना और पायल ने दिखाई प्रतिभा

मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बु.)। जिले में डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट अंपायर पैनल के लिए वर्कशाप व लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसका बुधवार को इसी कड़ी में परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा में कुल 15 में से 8 प्रतिभागी सफल रहे, जिनमें टॉप पॉजिशन पर महिला प्रतिभागी ने सफलता हासिल करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जनपद मुख्यालय पर सम्पन्न हुई उक्त डिस्ट्रिक्ट पैनल अंपायर परीक्षा का परिणाम घोषित होने पर हिना ने सर्वाधिक 94.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया, जबकि पलक शर्मा 91.33 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे नंबर पर रही। बता दें बीते दिनों मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट अंपायर पैनल के लिए वर्कशाप और लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। मंगलवार को इस वर्कशाप में प्रतिभाग करते हुए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा लिखित परीक्षा देने वाले प्रतिभागियों के लिए परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। लिखित परीक्षा में कुल 15 अंपायरों ने जिले में प्रतिभाग किया, जिनमें से दो महिला प्रतिभागियों समेत 8 अंपायरों ने इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया। साथ ही सफल अभ्यर्थियों द्वारा स्टेट पैनल की अगली अंपायर परीक्षा के लिए क्वालीफाई कर लिया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने पर उत्तर प्रदेश अंपायर समिति के चेयरमैन मनोज पुंडीर ने बताया कि अन्य उत्तीर्ण रहे अंपायरों में शादाब सैफी, देवेश शर्मा, दीपक सैनी, निश्छल चहल, मोहित शर्मा और हरीश शर्मा शामिल हैं। मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों और सदस्य ने उत्तीर्ण अंपायर को शुभकामनाएं दी। इस दौरान अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, चेयरमैन भीम कंसल, संजय शर्मा, ओमदेव सिंह, विकास राठी, रोहित, इंद्र माथुर व कुशल पाल सिंह आदि ने भी बधाई दी। उन्होंने दावा किया कि शीघ्र ही इन सभी अंपायरों को मैदान पर प्रैक्टिकल कराया जाएगा। अब ये सभी जिला स्तर के क्रिकेट मैचों में अंपायरिंग भी कर सकेंगे।

## कचहरी में तैनात रहा पुलिस फोर्स, गेट पर लगाए ताले

मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बु.)। अधिवक्ताओं के जारी विरोध प्रदर्शन के चलते कोर्ट एवं कचहरी परिसर में बुधवार को सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया। इसके लिए यहां पर भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा, वहीं कचहरी के मुख्य द्वार सहित अन्य सभी गेट पर ताला डाल दिया गया था। इस कारण कोर्ट जाने वाले वादकारियों और अन्य लोगों को दिनभर परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बीच धरनारत अधिवक्ताओं ने कहा कि इस प्रकरण को लेकर धरना जारी रखा जायेगा। वहीं निर्णय पारित हुआ कि न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए सिविल बार एसोसिएशन के मुख्य गेट पर अधिवक्ताओं का धरना-प्रदर्शन रहेगा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने विरोध में अपने चैंबरों के ताले बंद कर धरना स्थल पहुंच कर विरोध जताया। जिला बार संघ और सिविल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि गुरूवार को भी अपनी मांगों को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन जारी रहेगा।



# 'आइडियल किड्स में धूमधाम से साक्षरता दिवस मनाया गया'

मुजफ्फरनगर, ८ सितम्बर (बुस.)। नई मंडी स्थित आइडियल किड्स स्कूल में साक्षरता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अध्यापिकाओं ने बच्चों को पढ़ाई का महत्व बताया एवं बच्चों ने सभी को संदेश दिया कि सभी लोग अपने आसपास किसी को भी शिक्षा से वंचित ना रहने दें, क्योंकि साक्षरता से ही व्यक्ति का, समाज का एवं राष्ट्र का विकास संभव है। 'आइडियल किड्स के निदेशक पी.के.जैन' ने साक्षरता दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जहां विश्व में शिक्षा के लिए अनेक योजनाएं बनाई जा रही हैं, वहीं आज भी लगभग ७७३ मिलियन लोग अभी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित हैं, इसलिए न केवल सरकार बल्कि हम सभी को भी जागरूक होकर अपने आसपास के सभी बच्चों को, खासतौर से जो बच्चे निर्धनता के कारण बचपन से ही मजदूरी करने लगते हैं, उनको शिक्षा के साधन सुलभ कराने चाहिए, ताकि साक्षरता को और अधिक बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि मेरे विचार से साक्षरता के साथ-साथ संस्कारों पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, इसीलिए हम 'आइडियल किड्स स्कूल के बच्चों में साक्षरता के साथ-साथ संस्कारों का भी बीजारोपण' करते हैं। 'इंचार्ज नीता अग्रवाल' ने बच्चों को प्रेरित किया कि वह अपनी पढ़ाई लगन से करें। इस अवसर पर समस्त स्टाफ का योगदान रहा।


## आवश्यकता है



केबल टीवी कार्य हेतु ट्रेंड अनट्रेंड लड़कों की आवश्यकता है।

-: सम्पर्क करें :-
M. 9412888666


# जिले के 4 क्रिकेटर चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए हुए चयनित

मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बु.)। क्रिकेट के दो युवाओं का चयन चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए किया गया है। इसके साथ ये दोनों क्रिकेटर यूपी अंडर-19 टीम के कैम्प के लिए चुने गए हैं। जनपद के दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि को हासिल करने पर उनके परिजनों के साथ क्रिकेटरों में भी हर्ष की लहर है। उत्तर प्रदेश अंडर-19 क्रिकेट टीम के लिए मुजफ्फरनगर जिले से अभिषेक, शिवांश, अभिषेक चौधरी और अर्णव बालियान को कैम्प और चैलेंजर ट्रॉफी के लिए 60 खिलाड़ियों में चुना गया है। अभिषेक, शिवांश और अर्णव बालियान तीनों ही बल्लेबाज हैं जबकि अभिषेक चौधरी मध्यम तेज गेंदबाज हैं। अभिषेक मैग क्रिकेट अकादमी में क्रिकेट के कोच आकाश लूथरा के पास प्रक्षिक्षणरत है। वहीं अभिषेक स्टेडियम में अंकुर कुमार के पास अभ्यासरत हैं। बता दें, कानपुर में 14 से चैलेंजर ट्रॉफी शुरू होगी, जिसके बाद उत्तर प्रदेश की अंडर-19 टीम का चयन होगा। जनपद के चारों खिलाड़ियों के कैम्प में चुने जाने से जनपद के क्रिकेट खिलाड़ियों में हर्ष की लहर है। मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव रोहित और विकास राठी ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि जनपद के उक्त चारों खिलाड़ियों को कल यानि गुरूवार को ही कानपुर में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

## ट्रक चोरी में वांछित गिरफ्तार किया

कैराना, 8 सितम्बर (बु.)। ट्रक चोरी के पुराने मुकदमें में वांछित चल रहे आरोपी बोबी कसाई उर्फ इरफान निवासी मौहल्ला छड़ियान को पुलिस ने उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। बाद में पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।



## घंटों लाइनों में खड़े होकर चढ़ाया गोगा म्हाडी पर प्रसाद

चरथावल, 8 सितम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव दूधली में इस क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री जाहरवीर मेले का हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से आयोजन किया गया। मेले में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने गोगा म्हाडी पर पहुंचकर प्रसाद चढ़ाया। इस मौके पर सपा नेता बॉबी त्यागी ने प्रसाद चढ़ाकर ग्रामवासियों से मुलाकात की इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम प्रधान शोभित सिंह पुण्डीर, विजय राणा, आकाश चौहान, गुलदीप सिंह पुण्डीर, नाथी सैनी, सत्यवान सिंह, विक्की ठाकुर, अजय ठाकुर, भानु प्रताप, जोगिंदर सिंह, विकास कुमार नागयान आदि मौजूद रहे।

# योगी सरकार की पहल पर जिले में गन्ना भुगतान में सार्थक पहल: यशपाल

### -बकाया गन्ना भुगतान में भैंसाना मिल की स्थिति खराब

मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बु.)। जनपद में स्थित 7 चीनी मिलों में मोरना और भैंसाना गन्ना मिलों को छोड़कर बाकी सभी मिलों ने किसानों को उनके गन्ने के बकाया का लगभग भुगतान कर दिया। भैंसाना गन्ना मिल की बहुत ही खराब हालत है। जिला गन्नाधिकारी समेत प्रशासनिक अधिकारियों के प्रयास करने के बाद बजाज शुगर मिल भैंसाना पर आज तक कोई सार्थक असर पड़ता नहीं दिखा है। जहां तक गन्ना मिल भैंसाना पर जिला गन्ना अधिकारी के स्तर पर की जाने वाली कार्रवाई का प्रश्न है वह इस मिल को लेकर स्वयं असहाय दिखते हैं। स्थानीय स्तर पर ऐसी ही समस्याओं के समाधान तक पहुंचने को भाजपा कार्यकर्ताओं की एक टीम कार्य कर रही है। लेकिन फिलहाल भैंसाना मिल लंबे समय तक चले कुप्रबंधन व वित्तीय मामलों में हेराफेरी के चलते उससे शीघ्र उबरता दिखाई नहीं दे रहा है। ज्ञातव्य है कि भैंसाना मिल द्वारा किसानों को उनके गन्ने के बकाया का वर्षों से समय पर गन्ने का भुगतान न होने से क्षेत्र के किसान निरंतर आर्थिक तंगी से जूझते रहे हैं और आमदनी और खर्च के जारी असंतुलन के बीच गरीबी की रेखा में आने से बचने की जद्दोजहद में लगे हैं। यदि अब और ज्यादा विलंब हुआ तो यह किसानी के काम में लगी मेहनतकश कौम निराश होकर असहाय वाली स्थिति में आ जाएगी, जिसमें केवल सरकारी बैंकों एवं सहकारी समितियों का ऋण है अपितु उसे अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने को गन्ने का भुगतान न होने से साहूकारों से भी रुपया उधार लेने को बाध्य होना पड़ रहा है। भैंसाना बजाज शुगर मिल पर गन्ना के बकाया भुगतान की खराब और चिंतनीय स्थिति के चलते टीम के सदस्यों ने प्रदेश के गन्ना मंत्री सुरेश राणा व गन्ना आयुक्त संजय भूसारेड्डी से बात की है। गन्ना मंत्री ने सभी उपलब्ध विकल्पों पर विचार कर गन्ना भुगतान कराने की बात कही है, जबकि गन्ना आयुक्त ने बजाज ग्रुप की खराब वित्तीय स्थिति के चलते संपूर्ण बकाया जनवरी से पहले चुकता होने की संभावना पर संशय जताया है। उनका कहना है कि बजाज ग्रुप गन्ना मिलों की वित्तीय स्थिति की चिंतनीय स्थिति के कारण उन्हें बैंक ऋण नहीं दे रहा है। इसकी वजह से किसानों को गन्ने के बकाया का समय पर भुगतान न होने में बाधा आ रही है जबकि बजाज ग्रुप के अलावा सभी गन्ना मिलों के बकाया का भुगतान अक्तूबर के आखिरी सप्ताह तक नया पेराई सत्र शुरू होने से पहले होने की उम्मीद है। इसमें कोई संदेह नहीं प्रदेश सरकार ने योगी जी के नेतृत्व में गन्ना मिलों की गन्ना पेराई क्षमता में वृद्धि के साथ साथ किसानों के बकाया गन्ना भुगतान को नियंत्रण में करने की कोशिश की है।

# पीड़ित ने लगाई सीओ से गुहार

जानसठ, ८ सितम्बर (बु.)। काटका गांव निवासी एक व्यक्ति ने सीओ के समक्ष शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि उसके पुत्र पर गांव के ही कुछ लोगों ने अवैध संबंध का डर दिखाकर एक लाख रुपए ऐठ लिए। सीओ ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। गांव काटका निवासी कल्लन पुत्र सुक्कन ने सीओ शकील अहमद को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव के प्रधान समेत कुछ लोगों ने उसके पुत्र पर एक महिला के साथ अवैध संबंध बताते हुए उसके पुत्र को जबरदस्ती घर से उठा लिया। उसने आरोप लगाया कि उसके पुत्र के साथ मारपीट भी की गई। बाद में उन्होंने उससे एक लाख रुपए लेकर मामले में समझौता कर लिया। उसने बताया कि उक्त महिला के कुछ युवकों से आपत्तिजनक फोटों पूरे गांव में वायरल हो रहे हैं, लेकिन उन्हें बचाते हुए उसके पुत्र को बली का बकरा बना दिया गया है। सीओ ने उन्हें जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## जल्द कैराना आ सकते हैं मुख्यमंत्री

कैराना, 8 सितम्बर (बु.)। पलायन को लेकर सुर्खियों में रहे कैराना में बनने जा रहे पीएसी कैंप का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम व एसपी। हालांकि जल्द ही कैराना में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिलान्यास कर सकते हैं, जिसको लेकर जिला प्रशासन भी तैयारियों में जुट गया है। बुधवार को जनपद शामली के जिलाधिकारी जसजीत कौर एवं एसपी सुकीर्ति माधव कांधला -कैराना मार्ग स्थित पीएसी कैंप पर पहुंचे, जहां उन्होंने उक्त भूमि का निरीक्षण किया, हालांकि जल्दी ही प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कैराना का शिलान्यास कर सकते हैं, जिसको लेकर प्रशासन अपनी तैयारियों में जुट गया है। उधर बुधवार को दोनों अधिकारियों के निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री के आने की संभावना जताई जा रही है।

# जिस स्थान पर सीएम योगी ने सुनी थी समस्याएं, रामपुर में वहां अब पानी ही पानी

### —जलभराव से परेशान हैं गांव रामपुर के ग्रामीण —बरसात के मौसम में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ा, जानकर भी अंजान बने हैं 'जिम्मेदार'

मुजफ्फरनगर, ८ सितम्बर (बु.)। मौजूदा समय में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बना हुआ है, यही कारण है कि स्वास्थ्य विभाग रोजाना बैठकें आयोजित कर नागरिकों को संक्रामक बीमारियों के प्रति सचेत कर रहा है। इसके साथ ही यह भी हिदायत दी जा रही है कि अपने आसपास पानी को जमा नहीं होने दें, किन्तु गांव रामपुर का मुख्य मार्ग इन दिनों पानी से लबालब है और इसी जलभराव से होकर नागरिकों को गुजरना पड़ता है। जलभराव के कारण गांव में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बन गया है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। खास बात यह है कि जिस स्थान पर गांव में जलभराव की स्थिति बनी हुई है, उसी स्थान पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना काल में गांव में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी थी और आशा कार्यकत्रियों से गांव में कोरोना के सम्बन्ध में जानकारी ली थी। ग्रामवासियों के लिये चिंता की बात यह है कि सब कुछ जानकर भी गांव के 'जिम्मेदार' नागरिक इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ज्ञातव्य है कि कोरोना काल के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समीपवर्ती गांव रामपुर में कोरोना की स्थिति का जायजा लेने के लिये पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने गांव के मुख्य मार्ग पर स्थित तालाब के समीप बड़ के पेड़ के नीचे बैठकर ग्रामीणों से कोरोना की स्थिति के बारे में जानकारी ली थी और उनकी समस्याएं भी सुनी थी। चिंता की बात यह है कि आज वही स्थान पानी से लबालब है। यहां पर मच्छरों के पनपने से ग्रामीणों में संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। खास बात यह है कि यह मार्ग रामपुर के साथ ही रेई, नया गांव आदि गांवों को जोड़ता है, जिससे रामपुर के साथ ही अनेक लोगों को यहां से आना-जाना लगा रहता है। गांव रामपुर के ग्रामीणों के साथ ही आसपास के गांवों के नागरिकों को इसी जलभराव से होकर गुजरना पड़ता है। इस स्थान पर कीचड़ जैसे स्थिति उत्पन्न होने लगी है, जिससे किसी भी समय कोई भी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस ओर ध्यान देकर समस्या के समाधान का अनुरोध किया है।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में यात्री वैन के खाई में गिरने से पांच की मौत

इस्लामाबाद 08 सितम्बर (वार्ता/शिन्हुआ) पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में बुधवार को एक यात्री वैन के गहरी खाई में गिर जाने से महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम पांच यात्रियों की मौत हो गयी। पुलिस और बचाव अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आपातकालीन बचाव सेवा के अधिकारी मुहम्मद फैसल ने बताया कि 10 यात्रियों को लेकर जा रहे वैन का चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और वैन सड़क किनारे खाई में गिर गया। बचाव कर्मियों ने अब तक पांच शव बरामद किये हैं जबकि शेष लोगों को बचा लिया गया है और उन्हें समीप के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक दुर्घटना चालक की लापरवाही के कारण हुई क्योंकि वह तेज बारिश के बावजूद काफी रफ्तार में गाड़ी चला रहा था।

## इंडोनेशिया में जेल में आग लगने से 41 लोगों की मौत, 80 से अधिक लोग झुलसे

जकार्ता 08 सितंबर (वार्ता/शिन्हुआ) इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के निकट तांगेरांग कस्बे की एक जेल में बुधवार तड़के आग लगने से कम से कम 41 लोगों की मौत हो गयी और 80 अन्य झुलस गये। जकार्ता के मुख्य पुलिस महानिरीक्षक फादिल इमरान ने बताया कि आठ कैदी गंभीर रूप से झुलस गये हैं। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को पास के अस्पतालों और स्वास्थ्य क्लीनिकों में भर्ती कराया गया है। जकार्ता पुलिस के प्रवक्ता एवं वरिष्ठ आयुक्त युसरी यूनुस ने बताया कि आग स्थानीय समयानुसार तड़के 2:20 बजे लगी और इसे तड़के साढ़े तीन बजे बुझा दिया गया। उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।



*प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य नामित होने पर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ को करते ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल के पदाधिकारी।*

# ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल द्वारा प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य का किया गया स्वागत

*मुजफ्फरनगर, ८ सितम्बर (बु.)। ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल की समस्त कार्यकारिणी ने मुजफ्फरनगर बुलेटिन कार्यालय पहुंचकर प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया में सदस्य के रूप में नामित हुए सम्पादक अंकुर दुआ का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से बोलते हुए विद्यालय के अध्यक्ष मिलिन्द अग्रवाल, उपाध्यक्ष महेश चन्द गर्ग, प्रबंधक विनोद संगल ने संयुक्त रूप से वर्षों पुराने अपने शहर के समाचार पत्र मुजफ्फरनगर बुलेटिन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वास्तव में सम्पादक अंकुर दुआ ने निष्पक्ष, निर्भीक, कर्मठ एवं जुझारू पत्रकारिता की मिसाल ठीक वैसे ही कायम की हुई है, जैसे बुलेटिन संस्थापक उत्तमचन्द्र शर्मा जी ने अपने जमाने में की थी। उन्होंने पुराना समय याद दिलाते हुए बताया कि श्री शर्मा भी इसी निर्भीकता और बेबाकी के साथ समाचार लिखते थे, जिस बेबाकी के साथ आज प्रेस परिषद में नामित सम्पादक अंकुर दुआ लिख रहे हैं। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य आजादवीर, उपप्रबंधक डॉ. अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार, डॉयरेक्टर मनोज कुमार गुप्ता, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी, हैड मिस्ट्रेस ममता चौहान, राजेश वर्मा व नीरज कुमार आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर श्री दुआ को पूरी स्कूल प्रबंध समिति द्वारा पगड़ी पहनाकर बुके भेंट किये गये और अपने स्कूल का प्रतीक चिह्न भी उन्हें सम्मान के रूप में दिया गया।*

## सीसीटीएनएस सिस्टम में हरियाणा देश में फिर अव्वल

चंडीगढ़, आठ सितम्बर (वार्ता) हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा है कि हरियाणा ने क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (सीसीटीएनएस) प्रणाली में शत-प्रतिशत अंकों के साथ देशभर में पुनः प्रथम स्थान हासिल कर एक बार फिर इतिहास रच दिया है। श्री विज ने इस सम्बंध में पुलिस महानिदेशक पी. के. अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार एवं आईटी) ए. एस. चावला सहित पूरे पुलिस विभाग को इस उपलब्धि को दोहराने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## रोहतांग दर्रा सहित चोटियों पर हल्का हिमपात

शिमला, 08 सितंबर (वार्ता) हिमाचल प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में रोहतांग दर्रा समेत ऊंचाई वाले स्थानों पर हल्का हिमपात हुआ तथा निचले स्थानों पर बारिश हुई जिससे प्रदेश में ठंड बढ़ गई है। आज सुबह से ही कुल्लू और लाहौल में हल्की बारिश का क्रम जारी रहा। मनाली और लाहौल की ऊंचीं चोटियों पर हल्का हिमपात हुआ है। बारिश के बाद घाटी में पिछले कुछ दिनों से पड़ रही गर्मी से राहत मिल गई है। प्रदेश में मौसम ने बुधवार को करवट बदली है। येलो अलर्ट के बीच मनाली और लाहौल-स्पीति की चोटियों पर हल्का हिमपात व बारिश हुई, जबकि कांगड़ा जिले में भी बुधवार सुबह 10 बजे तक बारिश हुई। राजधानी शिमला समेत प्रदेश के कई क्षेत्रों में दिन भर बादल छाए रह और शाम को शिमला में बारिश हुई। मिली जानकारी के मुताबिक बारालाचा, कुंजुम दर्रा, हनुमान टिब्बा, सेवन सिस्टर पीक आदि चोटियों में फाहे गिरने से मौसम में तबदीली आई है। कुल्लू-मनाली में सुबह आठ बजे तक बारिश होने से सेब तुड़ान प्रभावित रहा। हालांकि धान की फसल के लिए बारिश लाभदायक है। मौसम विभाग ने अगले दो-तीन दिन तक मौसम खराब रहने का अंदेशा जताया है। जनजातीय किन्नौर जिले में भारी भूस्खलन से बाधित वांगतू-काफनू मार्ग चैथे दिन भी बहाल नहीं हो पाया है। हालांकि किन्नौर के लिए वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 1 से 2 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। शहरों का अधिकतम तापमान शिमला 20.3, सुंदनगर 28.1, भुंतर 28.1, कल्पा 17.2, धर्मशाला 25.6, ऊना 33.0, नाहन 27.9, सोलन 27.5, कांगड़ा 26.5, बिलासपुर 28.5, हमीरपुर 27.3, चंबा 25.2, डलहौजी 17.1 और केलांग 20.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है।



*विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलकर वार्ता करते बुढ़ाना विधायक उमेश मलिक।*

# बुढ़ाना विधायक उमेश मलिक ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

### ❑मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र के विकास हेतु रखी दो मांगे

मुजफ्फरनगर, ८ सितम्बर (बु.)। मंगलवार को बुढ़ाना विधायक उमेश मलिक ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर सर्वप्रथम उन्हें अलीगढ़ में ......... गेट बनाए जाने पर शुभकामनाएं दी। इस दौरान बुढ़ाना विधायक ने क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न प्रकार के प्रस्ताव माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष रखे। अपने प्रस्तावों में बुढ़ाना विधायक उमेश मलिक ने क्षेत्र में ६० करोड़ रुपये की लागत का १३२ केवी का विद्युत उपकेन्द्र स्थापित कराए जाने की मांग की, वहीं बुढ़ाना रोडवेज बस स्टैंड का विस्तार करते हुए वहीं पर ही वर्कशॉप स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री द्वारा दोनों प्रस्तावों पर जल्द ही विचार कर उनकी घोषणा करने का आश्वासन दिया। ज्ञात रहे कि वर्ष २०२२ में पुनः सरकार का गठन होना है, जिसके चलते प्रत्येक विधायक अपने अपने क्षेत्र में विकास कार्यों में पूरी तरह से लगे दिख रहे हैं। इसी क्रम में बुढ़ाना विधायक जहां पहले अपने क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य सड़कों, माँ शाकुम्भरी को पर्यटक स्थल बनाने आदि के कार्य करा चुके हैं, इसी क्रम में अब तेजी के साथ बचे हुए विकास कार्य को करने में जुटे हुए हैं। विधायक उमेश मलिक का कहना है कि भाजपा सरकार ने पूर्व से ही विकास कार्यों पर प्रमुख से ध्यान दिया है, जिसके परिणाम स्वयं ही दिखाई पड़ रहे हैं। क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने में उन्होंने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और अगले छह माह में क्षेत्र के विकास में वे कोई कोर–कसर नहीं छोड़ेंगे। विधायक का कहना है कि उक्त दोनों प्रस्तावों के पास होते ही बसों के आवागमन एवं बिजली की समस्या से आमजन को निजात मिलता दिखेगा।

# यूपी में कोरोना मुक्त हुए 31 जिले, 64 में नहीं मिले नए मरीज

लखनऊ, 08 सितंबर (वार्ता) उत्तर प्रदेश में कोविड संक्रमण की रफ्तार कमजोर पड़ चुकी है। लगातार कोशिशों से कोरोना की दूसरी लहर पर बने प्रभावी नियंत्रण के बीच जनजीवन भी तेजी से सामान्य हो रहा है। पिछले 24 घंटे में हुई 02 लाख 17 हजार 846 सैम्पल की टेस्टिंग में 64 जिलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं पाया गया, जबकि 11 जिलों में इकाई अंक में मरीज पाए गए। वर्तमान में प्रदेश में एक्टिव कोविड केस की संख्या 214 रह गई है। वहीं, अलीगढ़, अमरोहा, अयोध्या, बागपत, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बस्ती, बहराइच, भदोही, बिजनौर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, फतेहपुर, गाजीपुर, गोंडा, हमीरपुर, हापुड़, हरदोई, हाथरस, कौशाम्बी, ललितपुर, महोबा, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, रामपुर, शामली, सिद्धार्थ नगर और सोनभद्र जिले में कोविड का एक भी मरीज शेष नहीं है। प्रदेश में अब तक 07 करोड़ 40 लाख 38 हजार 991 कोविड सैम्पल की जांच की जा चुकी है। विगत् 24 घंटे में हुई टेस्टिंग में 16 नए मरीजों की पुष्टि हुई, जबकि इसी अवधि में 28 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। प्रदेश में अब तक 16 लाख 86 हजार 417 प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। बुधवार को टीम-09 के साथ कोविड की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एग्रेसिव ट्रेसिंग, टेस्टिंग और त्वरित ट्रीटमेंट के मंत्र से अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। इस स्थिति को और बेहतर करने के लिए ट्रेस, टेस्ट और ट्रीट की नीति के अनुरूप सभी जरूरी प्रबंध किए जाएं। कोविड टीके की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने टीकाकरण की प्रक्रिया पर संतोष जताया। सीएम को बताया गया कि मंगलवार को 14 लाख 51 हजार से अधिक लोगों ने टीकाकवर प्राप्त किया। केन्द्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप टीकाकरण के लिए अर्ह लोगों में से 45 फीसदी से अधिक प्रदेशवासियों ने टीके की पहली खुराक प्राप्त कर ली है। प्रदेश में कोविड वैक्सीनेशन 08 करोड़ 25 लाख से अधिक हो गया है। यह किसी एक राज्य में हुआ सर्वाधिक टीकाकरण है। इस प्रक्रिया को और तेज किए जाने की आवश्यकता है।

## बेबी को मिल सकती है यूपी में अहम भूमिका

देहरादून 08 सितंबर (वार्ता) उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य द्वारा राष्ट्रपति को अपना त्यागपत्र सौंपने के बाद, उत्तर प्रदेश (यूपी) में उन्हें अहम जिम्मेदारी मिलने की चर्चाएं तेज हो गईं हैं। उन्होंने गत 26 अगस्त को ही तीन वर्ष का अपना कार्यकाल पूर्ण किया था। यूपी के आगरा जिले की निवासी श्रीमती मौर्य ने 26 अगस्त, 2018 को पहली बार उत्तराखंड की सातवीं राज्यपाल के रूप में उत्तराखंड का दायित्व ग्रहण किया था। वर्ष 1995 में ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। वर्ष 1997 में वह भाजपा अनुसूचित मोर्चा में कोषाध्यक्ष मनोनीत की गईं। देश के राष्ट्रपति रामनाथ सिंह कोबिद तत्कालीन अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर आसीन थे। वह 2002 में राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य बनाई गईं।

# एयरसेल को 1 करोड़ 76 लाख का चूना का आरोपी गिरफ्तार

नयी दिल्ली, 08 सितंबर (वार्ता) दिल्ली पुलिस ने जानीमानी दूरसंचार कंपनी एयरसेल को एक करोड़ 76 लाख रुपए चूना लगाकर करीब 10 सालों से फरार एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (आर्थिक अपराध) आर के सिंह बुधवार को बताया कि चित्रेश मोहन शर्मा (34) को दिल्ली के बदरपुर क्षेत्र के जैतपुर से एक सूचना के आधार पर मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। वह इसी क्षेत्र जैतपुर एक्सटेंशन पार्ट -एक का निवासी है। उन्होंने बताया कि चित्रेश पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एयरसेल कंपनी के 10 मोबाइल सिम हासिल करने और उन नंबरों से बड़ी संख्या में विदेशों में कॉल कर एक करोड़ 76 हजार रुपए का चूना लगाने के आरोप हैं। इंटरनेशनल कॉलिंग एवं रोमिंग सुविधा वाले इन सिम कार्डों के जरिया उसने नेपाल, अमेरिका और मालदीव में बड़ी संख्या में कॉल किये गए थे। नेपाल दूरसंचार कंपनी ने इन नंबरों के माध्यम से विदेशों में बड़ी संख्या में कॉल किए जाने पर संदेह व्यक्त किया था। इस आधार पर कंपनी के एक अधिकृत प्रतिनिधि ने एक उसके खिलाफ जनवरी 2010 में धोखाधड़ी का एक मामला दर्ज आर्थिक अपराध शाखा में दर्ज कराया था। शिकायत में कहा गया था कि चित्रेश अपने आपको दीपक रावत बता था और इसी नाम का फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर मोबाइल फोन कनेक्शन हासिल किए थे। उसने ला बेला एक्सपोर्ट एंड इंपोर्ट कंपनी के नाम पर कनेक्शन हासिल किए थे। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने इसकी जांच शुरू की लेकिन आरोपी ने मामले की जांच में सहयोग नहीं किया। वह लगातार गिरफ्तारी से बचता रहा। इसी वजह से 10 अक्टूबर 2017 को साकेत कोर्ट की एट अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। तब से पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी। श्री सिंह ने बताया कि दिल्ली के बदरपुर क्षेत्र के जैतपुर एक्सटेंशन, बदरपुर का निवासी है। गिरफ्तारी के बाद उसे अदालत में पेश किया गया, जहां उसे दो दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि चित्रेश पहले भी इसी प्रकार के एक धोखाधड़ी के मामले में शामिल पाया गया था। इस मामले में साकेत थाने में उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है।

## दक्षिण पश्चिम मानसून पूर्वी उत्तर प्रदेश में कमजोर पड़ा

पुणे, 8 सितंबर (वार्ता) दक्षिण-पश्चिम मॉनसून कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और तटीय कर्नाटक में अति सक्रिय रहा जबकि नागालैंड-मणिपुर-मिजोरम-त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल में गंगा के तटवर्ती इलाके, हिमाचल प्रदेश, गुजरात , विदर्भ, तेलंगाना, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक और केरल में सक्रिय रहा, लेकिन मानसून पूर्वी उत्तर प्रदेश में कमजोर पड़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार हिमाचल प्रदेश, पश्चिम राजस्थान, पूर्वी मध्य प्रदेश, असम, मेघालय, तटीय आंध्र प्रदेश, यानम, सौराष्ट्र, कच्छ और पश्चिम बंगाल में गंगा के तटवर्ती इलाके में अलग-अलग स्थानों पर मंगलवार को 08:30 बजे से शनिवार को 08:30 बजे के बीच आंधी तूफान के साथ बारिश हुयी। पिछले 24 घंटे के दौरान पश्चिम बंगाल में गंगा के तटवर्ती इलाके, ओडिशा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, तटीय कर्नाटक, केरल और लक्षद्वीप के अधिकांश स्थानों पर, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल के पर्वतीय क्षेत्र, सिक्किम, झारखंड, लद्दाख, पूर्वी राजस्थान, सौराष्ट्र, कच्छ, तटीय आंध्र प्रदेश और अंडमान निकोबार द्वीप समूह में अलग अलग स्थानों पर बारिश हुयी या फिर गरज के साथ छींटे पड़े।

# जनपद में 19,370 लोगों को लगा कोरोना का टीका

### ❑जिले में बुधवार को भी नहीं मिला कोई कोरोना पॉजिटिव

मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बु.)। कोरोनामुक्ति की दिशा में शुरू कवायदों के बीच जिले में बुधवार को भी टीकाकरण का अभियान जारी रहा। इस बीच जनपद में 19,370 लोगों को कोरोना का टीकाकरण किया गया। वहीं इस दौरान ऑनलाइन स्लॉट लेकर 18 से 44 आयु वर्ग में कुल 1960 लोगों ने अपना वैक्सीनेशन कराया। उधर, जिले में बुधवार को भी कोरोना का कोई नया संक्रमित न मिलने के चलते राहत रही। हालांकि इस दौरान स्वास्थ्य विभाग को जिले में आरटीपीसीआर की 818 लोगों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई, लेकिन तमाम रिपोर्ट के निगेटिव होने से अधिकारियों ने राहत की सांस ली। गुरूवार को जनपद में इस कड़ी में 96 स्थानों पर कोरोना वैक्सीनेशन अभियान जारी रहा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि जनपद में 19,370 लोगों का कोरोना टीकाकरण किया गया। उन्होंने बताया कि जनपद में इस दौरान 17,410 लोगों को कोरोना रोधी टीका 80 टीकाकरण केंद्रों पर लगाया गया, जिनमें से कुल 13,698 लोगों को प्रथम डोज तथा 3,712 लोगों को सुरक्षा के बीच वैक्सीनेशन की दूसरी डोज लगाई गई। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही जनपद में बुधवार को ऑनलाइन स्लॉट लेकर 18 से 44 आयु वर्ग में 1960 लोगों ने अपना टीकाकरण कराया। उधर, बुधवार को स्वास्थ्य विभाग को आरटीपीसीआर की 818 लोगों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें तमाम जांच रिपोर्ट के निगेटिव होने से अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

## उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने दिया इस्तीफा

देहरादून, 08 सितम्बर (वार्ता) उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। सूत्रों के मुताबिक राज्यपाल ने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को भेज दिया है। सुश्री मौर्य ने 26 अगस्त 2018 को राज्यपाल पद की शपथ ली थी। विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

## महावीर चौक फीडर से जुड़े क्षेत्र की आपूर्ति रहेगी बाधित

### ❑कलेक्ट्रेट समेत अन्य क्षेत्रों में 3 घंटे रहेगी बिजली बंद

मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बु.)। नगरीय विद्युत वितरण खंड-द्वितीय मुजफ्फरनगर के उप खंड अधिकारी आईपी सिंह ने बताया कि गुरूवार को करीब 3 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित होगी। उन्होंने बताया कि ऐसे में क्षेत्रीय उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानी से बचने के साथ सहयोग की आशा व्यक्त की है। बुधवार सायं को जारी सूचना में नगरीय विद्युत वितरण खंड-द्वितीय मुजफ्फरनगर के उप खंड अधिकारी आईपी सिंह ने बताया कि गुरूवार को प्रातः 8 बजे से दोपहर 11 बजे तक करीब तीन घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित होगी। उन्होंने बताया कि महावीर चौक उप केन्द पर 10 एमपीए के रखे ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत के कारण करीब तीन घंटों तक महावीर चौक के अलावा उससे जुड़े अन्य क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित होने के चलते उप केन्द्र से जुड़े आर्य समाज रोड, जाट कालोनी, मौ. खालापार, रेलवे रोड, प्रकाश चौक, सरकूलर रोड और आवास विकास कालोनी की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।


मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन
सम्पादक
**श्री अंकुर दुआ जी**
के प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया में **सदस्य** नामित होने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



श्री अंकुर दुआ



**सतीश गर्ग**
पूर्व शहर अध्यक्ष
शहर कांग्रेस कमेटी, मुजफ्फरनगर


# डीएवी कॉलेज के शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षक सम्मानित



मुजफ्फरनगर, ८ सितम्बर (बु.)। ५ सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एवं विशेष रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति–२०२० के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय योगदान प्रदान करने वाले जनपद के ७५ शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम नगर के छोटूराम कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के कुलपति प्रो. नरेन्द्र कुमार तनेजा एवं कुलसचिव धीरेन्द्र कुमार द्वारा चयनित शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. शशि शर्मा प्राचार्या, डॉ. योगेश कुमार प्राणी विभाग, डॉ. सुनीता शर्मा शिक्षा विभाग, डॉ. सुरेन्द्र पाल, डॉ. मुकेश कुमार भौतिकी विभाग व डॉ. देवेश कुमार त्यागी, डॉ. सुषमा सैनी अर्थशास्त्र विभाग, डॉ. मुकेश चन्द रसायन विभाग, डॉ. सतेन्द्र कुमार प्राणी विज्ञान विभाग, डॉ. नवीन शर्मा गणित विभाग, डॉ. विपिन कुमार अंग्रेजी विभाग, डॉ. सविता कुमारी शिक्षा विभाग, डॉ. गरिमा जैन भौतिक विभाग, डॉ. ओमदत्त कानून विभाग, डॉ. वेदपाल कला विभाग, डॉ. कुलदीप कानून विभाग, कल्पना रसायन विभाग, डॉ. संजीव मित्तल भौतिकी विभाग, डॉ. अंजू पंवार प्राणी विज्ञान विभाग, डॉ. संजीव कुमार त्यागी वनस्पति विभाग व डॉ. रचना त्यागी, डॉ. चारू त्यागी जन्तु विभाग, राहुल शर्मा कम्प्यूटर विभाग, ऋतु मित्तल कम्प्यूटर विभाग, डॉ. मंजू चौहान बायोटैक्नोलॉजी विभाग, विचित्रा त्यागी बायोटैक्नोलॉजी विभाग एवं हरितोष मोहन एलएल.एम. विभाग को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए।


मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन
सम्पादक
**श्री अंकुर दुआ जी**
के प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया में **सदस्य** नामित होने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



श्री अंकुर दुआ



**सतीश कुमार शर्मा**
प्रान्तीय संयोजक
पर्यावरण समिति
उ.प्र. कांग्रेस सेवा दल


## ट्रेन की चपेट में आकर 21 वर्षीय युवक की मौत

मुजफ्फरनगर, 8 सितम्बर (बु.)। शहर के मौहल्ला सुभाषनगर निवासी तालिब (21) बुधवार सुबह किसी काम से बझेड़ी फाटक के पास गया था। वहां रेलवे ट्रैक पार करते समय अचानक सहारनपुर की ओर से पहुंची एक्सप्रेस ट्रेन ने युवक को चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक के पास से बरामद मोबाइल से उसकी शिनाख्त हुई, जिस पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया।

**शेष : पानी पीने से चार...**

कोतवाली ले गई। वहीं सरकारी अस्पताल के डाक्टर विकास कर्णवाल ने बताया कि एजाज का ब्लड प्रेशर काफी अधिक हो रहा था तथा उल्टी भी आ रही थी। गंभीर हालत के चलते एजाज को रैफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी प्रेमवीर राणा ने बताया कि मामले में अभी तक तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं दूसरी ओर पानी से बिगड़ी हालत को लेकर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच पड़ताल के बाद मामले में खुलासा हो सकता है। बुधवार को शामली रोड पर पानी पीने के बाद 4 लोगों की हालत बिगड़ने के बाद बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को लेकर पुलिस जांच कर रही है, हो सकता है कि सीसीटीवी कैमरे से मामले में खुलासा हो जाए।

## किशोरी का अपहरण

मुजफ्फरनगर, 8 सितम्बर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले खालापार निवासी युवक ने तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग बहन मंगलवार शाम के समय दुकान पर सामान लेने गई थी। आरोप है कि मौहल्ले का ही अरशद नामक युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर उसका अपहरण कर ले गया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई, जिस पर पुलिस ने आरोपी अरशद के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 'यह नहीं माना जा सकता कि कोरोना की दूसरी लहर में लापरवाही से मौतें हुई'

नयी दिल्ली, 08 सितम्बर (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने कोरोना में हुई मौत को चिकित्सकीय लापरवाही मानकर मुआवजे का अनुरोध करने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए बुधवार को कहा कि अदालतें यह मानकर नहीं चल सकतीं कि वैश्विक महामारी की दूसरी लहर के दौरान कोविड-19 से हुई सभी मौतें लापरवाही के कारण हुई। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की खंडपीठ ने दीपक राज सिंह की याचिका खारिज करते हुए कहा कि वह अपने सुझावों के साथ सक्षम प्राधिकारियों को अपना प्रतिनिधित्व दें। खंडपीठ ने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर का पूरे देश में बुरा प्रभाव पड़ा था और यह नहीं माना जा सकता कि सभी मौतें लापरवाही के कारण हुईं। शीर्ष अदालत ने गत 30 जून के अपने फैसले का हवाला देते हुए कहा कि उस फैसले में उसने मानवता को लेकर अपना दृष्टिकोण रखा था, न कि यह कहा था कि लापरवाही के कारण मौतें हुई हैं। गौरतलब है कि उक्त फैसले में न्यायालय ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) को कोविड-19 से मरने वाले लोगों के परिजनों को अनुग्रह राशि के लिए छह सप्ताह के भीतर उचित दिशा-निर्देशों की अनुशंसा का निर्देश दिया था।

## सरसों और मसूर की एमएसपी 400-400 रुपये बढ़ी

नयी दिल्ली 08 सितम्बर (वार्ता) सरकार ने दलहन में मसूर और तिलहन में सरसों के उत्पादन में वृद्धि को ध्यान में रखकर इसके न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में पिछले साल की तुलना में 400-400 रुपये प्रति क्वंटल की वृद्धि कर दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की आज यहां हुयी बैठक में कृषि मंत्रालय के वर्ष 2022-23 के दौरान रबी सीजन के कृषि उत्पादों के एमएसपी बढ़ाने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। सरकार ने चना के एमएसपी में 130 रुपये प्रति क्वंटल और सूरजमुखी में 114 रुपये प्रति क्वंटल की वृद्धि करने को भी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

## नीरज चोपड़ा को 2.51 करोड़ और पैरा एशियन खेलों के कांस्य पदक विजेता गुरलाल सिंह को 50 लाख का सम्मान

चंडीगढ़, 08 सितम्बर (वार्ता) पंजाब के खेल मंत्री राणा गुरमीत सिंह सोढी ने टोक्यो ओलंपिक खेल में स्वर्ण पदक जीतने वाले जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा और जकार्ता पैरा-एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुरलाल सिंह को आज यहां नकद पुरुस्कारों से सम्मानित किया। यहां एक सम्मान समारोह के दौरान सोढी ने 'गोल्डन ब्वॉय' नीरज चोपड़ा को 2.51 करोड़ रुपए की राशि का चैक सौंपा और 2018 में जकार्ता में हुये पैरा-एशियाई खेलों में साईक्लिंग में कांस्य पदक जीतने वाले गुरलाल सिंह को 50 लाख रुपए का चैक भेंट किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह द्वारा ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले पंजाब के हॉकी खिलाड़ियों समेत ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले बाकी खिलाड़ियों को कुल 28.36 करोड़ रुपए की राशि से पहले ही सम्मानित किया जा चुका है लेकिन तब नीरज चोपड़ा ज़रूरी व्यस्तताओं के कारण पहुँच नहीं सके थे, जिनको आज नकद पुरुस्कार से सम्मानत किया गया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह नकद राशि प्राप्त करने से वंचित रहे पैरा खिलाड़ी गुरलाल सिंह को भी राशि का चैक सौंपा गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि देश के खिलाड़ी 2024 के पैरिस ओलंपिक में इससे भी अधिक पदक देश की झोली में डालेंगे। खेल मंत्री ने कहा कि जल्द ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों को भी विशेष समागम करवा के इनाम वितरित किये जाएंगे। पंजाब की नई खेल नीति रंग ला रही है और पंजाब फिर से खेलों में अपने शीर्ष स्थान की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है।

## तालिबान की सरकार गठन, इसके प्रमुख और मंत्री संयुक्त राष्ट्र की आतंकी सूची में

काबुल 07 सितंबर (वार्ता) काबुल पर कब्जे के एक पखवाड़े से अधिक समय बाद तालिबान ने मंगलवार शाम को मुल्ला मोहम्मद हसन अखुंद के नेतृत्व में अफगानिस्तान में अंतरिम सरकार के गठन की घोषणा की। तालिबान की इस सरकार में मुखिया सहित सभी मंत्री संयुक्त राष्ट्र की आतंकवादी सूची में शामिल है। तालिबान के सह संस्थापक मुल्ला अब्दुल गनी बरादर उप प्रधानमंत्री, मुल्ला याकूब रक्षा मंत्री और सिराजुद्दीन हक्कानी गृह मंत्री होंगे। रक्षा मंत्री मुल्ला याकूब तालिबान के संस्थापक मुल्ला उमर के सबसे बड़े बेटे है। मंगलवार शाम को एक संवाददाता सम्मेलन में तालिबान के प्रवक्ता ज़बीहुल्ला मुजाहिद ने अंतरिम सरकार के मंत्रिमंडल के गठन का ऐलान किया।

# देश में बढ़ी कोरोना संक्रमण की रफ्तार, 37,875 नये मामले, 369 मरीजों की मौत

नयी दिल्ली 08 सितंबर (वार्ता) देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण की रफ्तार एक बार फिर तेज हुई है तथा इस दौरान 37 हजार से अधिक नये मामले सामने आये और 369 लोगों की मौत हो गयी। देश में मंगलवार को 78 लाख 47 हजार 625 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये और अब तक 70 करोड़ 75 लाख 43 हजार 18 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के 37,875 नये मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ 30 लाख 96 हजार 718 हो गया है। इस दौरान 39 हजार 114 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की कुल संख्या बढ़कर तीन करोड़ 22 लाख 64 हजार 51 हो गयी है। इसी अवधि में सक्रिय मामले 1608 कम होकर तीन लाख 91 हजार 256 रह गये हैं। इस दौरान 369 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 4,41,411 पहुंच गया है। देश में सक्रिय मामलों की दर घटकर 1.18 फीसदी पर आ गयी जबकि रिकवरी दर 97.48 फीसदी और मृत्यु दर 1.33 फीसदी पर बरकरार है। महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामले 231 बढ़कर 51,465 हो गये हैं। इसी दौरान राज्य में 3581 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद कोरोना मुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर 63,04,336 हो गयी है, जबकि 86 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1,37,897 हो गया है।

## दवाई लेकर आ रहे बीमार अधेड़ की मौत

कैराना, 8 सितम्बर (बु.)। शामली से दवाई लेकर आ रहे तीतरवाडा निवासी अधेड़ की सड़क किनारे मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया तथा परिजनों को सूचना दी। बुधवार शाम करीब 6 बजे मुख्य मार्ग पर कलस्यान चौपाल के आगे एक 55 वर्षीय अधेड़ हाथों में एक्सरे व दवाई का पर्चा तथा दवाई लिए बैठा था। अधेड़ अचानक वहीं सड़क पर गिर गया तथा उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव की शिनाख्त करायी। शव तीतरवाडा निवासी जाबिर था, जो शामली प्राइवेट डॉक्टर से दवाई लेकर वापस आ रहा था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया तथा परिजनों को सूचना दी।

# कचहरी गेट पर धरने पर बैठे अधिवक्ता, किया नो वर्क

मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बु.)। जिला बार संघ अध्यक्ष व महासचिव के विरुद्ध टिप्पणी के साथ अन्य मुद्दों को लेकर चल रहे विरोध के बीच बुधवार को कचहरी परिसर में जिला व सिविल बार के अधिवक्ताओं ने कामबंद हड़ताल रख विरोध दर्ज कराया। जिला बार और सिविल बार के अधिवक्ताओं ने इस बीच न्यायिक कार्यो से विरत रहते हुए मुख्य गेट के सामने बैठकर इस बीच धरना दिया। इसके साथ ही अधिवक्ताओं ने अपने चैम्बरों में तालाबंदी करते हुए विरोध दर्ज कराया। अधिवक्ताओं ने बार के अन्य पदाधिकारियों के साथ कचहरी गेट पर धरना दिया और न्याय दिलाने की मांग की। जिला बार संघ के अध्यक्ष व महासचिव को लेकर टिप्पणी को लेकर जारी विरोध के बीच बीते दिवस जिला बार संघ और सिविल बार एसोसिएशन की बैठक बुलाई गई, जिसमें पूर्व में हुई घटना की निंदा प्रस्ताव पर चर्चा करने के साथ ही उनका तबादला किये जाने की। बुधवार को जिला बार संघ और सिविल बार एसोसिएशन के पदाधिकारी इन्हीं मुद्दों के साथ अधिवक्ताओं ने रोष प्रकट करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान बार में पूर्ण रूप से तालाबंदी करते हुए अधिवक्ता नो वर्क पर रहे। चैम्बरों को बन्द करते हुए अधिवक्ताओं ने बार पदाधिकारियों के साथ कचहरी गेट पर धरना दिया। इस धरने में जिला बार संघ अध्यक्ष कलीराम और सिविल बार के अध्यक्ष सुगंध जैन ने संयुक्त रूप से कहा कि जब तक उनकी मांगों को पूर्ण नहीं किया जाता, तब तक अधिवक्ताओं द्वारा बहिष्कार जारी रहेगा। कार्यक्रम संचालन जिला बार संघ के महासचिव अरूण कुमार शर्मा व बिजेन्द्र सिंह मलिक महासचिव सिविल बार एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मुख्य रूप से जिला बार संघ व सिविल बार एसोसिएशन से जुड़े तमाम पदाधिकारियों के साथ आदेश कुमार, सतेन्द्र कुमार, राज सिंह रावत, सुधीर गुप्ता, सोहनलाल, ओमकार सिंह, श्यामवीर सिंह एडवोकेट समेत सैंकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।



*कचहरी के गेट पर धरना प्रदर्शन करते अधिवक्ता।*